फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 100, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 14

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 13

## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी



- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी



- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ दिव्य अनुभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

# युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी घर के रहेंगे न घाट के

## पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

# कौशांबी में पटाखा फैक्ट्री में हुआ विस्फोट, आठ लोगों की गई जान

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

> पटाखा फैक्ट्री में भीषण हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।
> –**भानु भास्कर**, एडीजी जोन, प्रयागराज

**अमृत विचार :** कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है। मृतकों की पहचान शिव नारायण (30) पुत्र भोलानाथ, कौशल अली और शराफत अली, शिव नारायण पटेल, शाहिद अली पुत्र शराफत अली, शिवकांत (25) पुत्र राम भवन निवासी अंबहा के रूप में की गई।

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
LAST 3 DAY
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीना शॉल एण्ड स्टाल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले 391 आरोपियों को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के साथ ही हरियाणा, दिल्ली और बिहार के रहने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया
- भारी मात्रा में नकदी, मोबाइल, इलेक्ट्रानिक डिवाइस व कूट रचित दस्तावेज बरामद

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिस और एसटीएफ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। बड़ी संख्या में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामला सामने आने पर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए परीक्षा को रद कर दिया था। साथ ही पुलिस और एसटीएफ को आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और एसटीएफ सक्रिय हो गई और विभिन्न जिलों में छापेमारी कर 391 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और एसटीएफ ने आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में कूट रचित दस्तावेज (आधार कार्ड, प्रवेश पत्र), अंगुल छाप पेपर, पासबुक, चेकबुक, स्टाम्प, स्याही पैड, सिलिकॉन पट्टी समेत नकदी बरामद की है। इसके साथ ही मोबाइल फोन, फर्जी आंसर की, नकल पर्ची, मूल अंकपत्र, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रानिक डिवाइस, वॉकी-टॉकी आदि बरामद किया है। पुलिस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश के साथ हरियाणा, बिहार और दिल्ली के आरोपी दबोचे गए हैं। वहीं पुलिस और एसटीएफ के राडार पर कई और गिरोह हैं, जिन पर निगरानी की जा रही है।



**हम साथ-साथ हैं :** आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। हाल ही में लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सीटों के बंटवारे को लेकर दोनों दलों में समझौता हुआ, जिसके बाद पहली बार अखिलेश यादव न्याययात्रा में शामिल होने आगरा पहुंचे।

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

## एक नजर

### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण





**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा। डिफेंस कॉरिडोर में शुरू होने वाली अडाणी समूह की यूनिट सेना में इस्तेमाल किए जाने वाले लघु शस्त्र से लेकर तोप-गोला तक बनाएगी।

### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि निरंजन एवं दर्शन हीरानंदानी को केंद्रीय एजेंसी के मुंबई स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है, लेकिन वे एक अधिकृत प्रतिनिधि के जरिए अपनी प्राथमिक प्रतिक्रिया देने का विकल्प चुन सकते हैं।

## फ्लीट हादसे में दो लोगों की हुई मौत, घायलों से मिले मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** अर्जुनगंज में मरी माता मंदिर के समीप शनिवार देर शाम हुए हादसे में सीएम फ्लीट की एंटी डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुए हादसे में 15 लोग घायल हुए थे। देर रात इलाज के दौरान ट्रॉमा में प्रिया (14) और नीलम (35) ने दम तोड़ दिया। अन्य 13 घायलों का इलाज चल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह केजीएमयू ट्रामा सेंटर पहुंचे, मृतकों के परिजनों से शोक संवेदना प्रकट की और घायलों के परिजनों का ढांढस बंधाया। योगी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मृतकों के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा, नौकरी और आवास की मांग की है। हादसे में छह पुलिस कर्मियों समेत 15 लोग घायल हो गए थे। इसमें से प्रिया और नीलम की देर रात मौत हो गई। अर्जुनगंज के गयानंद पुरा निवासी संतोष की बेटी प्रिया निजी स्कूल में कक्षा-7 की छात्रा थी जबकि नीलम अर्जुनगंज की रहने वाली थी। दोनों सब्जी लेने घर से निकलीं थीं।

## रितेश भाजपा में, बसपा के कई सांसद विकल्प की तलाश में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे : मायावती



**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी को लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल से बड़ा झटका मिल सकता है। पार्टी के कई सांसद नए विकल्प तलाश रहे हैं। अंबेडकर नगर से बसपा सांसद रितेश पांडे ने पार्टी से इस्तीफा देने के ठीक दो घंटे बाद ही रविवार को भाजपा का दामन थाम लिया। वहीं, बसपा के जौनपुर सांसद श्याम सिंह यादव के भी शीघ्र कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। इस बीच पार्टी प्रमुख मायावती ने एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि, बसपा कमजोर नहीं, लोग स्वार्थ साधने के लिए भटक रहे हैं।

श्याम सिंह यादव रविवार को आगरा में भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए, बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी से मिले थे। दो सांसद पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं। अमरोहा के सांसद कुंवर दानिश अली को बसपा से निकाल दिया था। वहीं, गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी सपा में चले गए हैं। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर के रालोद में शामिल होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। लालगंज से सांसद संगीता आजाद के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

# सिंघू और टीकरी सीमा से हटाए अवरोध

नई दिल्ली/चंडीगढ़, एजेंसी

- सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने और कड़ी निगरानी के निर्देश
- हरियाणा में विगत दो सप्ताह से निलंबित मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल की गई

किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी । दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। एक संकरा रास्ता है, जहां से केवल एक ही व्यक्ति जा सकता है। लेकिन अब पुलिस लोगों के लिए बैरियर हटा रही है। दिल्ली पुलिस ने शहर के टीकरी, सिंघू और गाजीपुर सीमा बिंदुओं पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने अभ्यास भी किया।

### दिल्ली कूच के लिए शंभू, खनौरी सीमा पर डटे हुए हैं किसान

दूसरी ओर दिल्ली चलो मार्च को सुरक्षा बलों द्वारा 13 फरवरी को रोके जाने के बाद से प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा से लगी पंजाब की खनौरी और शंभू सीमाओं पर डेरा डाले हुए हैं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने शुक्रवार को कहा था कि प्रदर्शनकारी 29 फरवरी तक दोनों सीमा बिंदुओं पर डेरा डाले रहेंगे। दिल्ली चलो मार्च को खनौरी में हुई झड़प में एक प्रदर्शनकारी किसान की मौत हो जाने और लगभग 12 पुलिस कर्मियों के घायल होने के बाद किसान नेताओं ने रोक दिया था।

## एक नजर

### नए सत्र की किताबें पहुंचीं कमेटी ने किया सत्यापन

**पीलीभीत।** नए शैक्षिक सत्र के लिए आई किताबों का डीएम के निर्देश पर कमेटी ने सत्यापन किया। बेसिक शिक्षा विभाग में नए सत्र के लिए 15.81 लाख पाठ्य पुस्तकें मांगी गई हैं। इनमें से पीलीभीत को 4.84 लाख किताबें आ चुकी है। इसका सत्यापन करने के लिए डीएम संजय कुमार सिंह ने कमेटी गठित की। जिसमें डीआईओएस गिरजेश कुमार, बीएसए अमित कुमार सिंह शामिल किए गए थे। अधिकारियों ने प्राप्त किताबों का सत्यापन किया। बीएसए ने बताया कि नए सत्र के पहले दिन से ही बच्चों को किताबें वितरित कर दी जाएंगी। इसका रोस्टर तैयार किया जा रहा है।

### मझोला में वन कर्मियों ने पकड़ा अवैध कटान

**मझोला।** पीलीभीत वन विभाग की टीम ने उत्तराखंड के खटीमा व सुरई रेंज के वन कर्मियों संग रविवार को सीमावर्ती क्षेत्र में चेकिंग की। इस दौरान अवैध रूप से सेमल के पेड़ का कटान पकड़ा। वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि उत्तराखंड की सुरई रेंज की टीम बरामद माल और आरोपी को अपने साथ ले गई है। उनके स्तर से ही कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड और उनके नेटवर्क के बारे में पता किया जा रहा है।

# कब जागेंगे जिम्मेदार...पांच साल से सड़क की बदहाली बरकरार

## तालाब में धंस चुका है अवध नगर कॉलोनी को जाने वाली सड़क का कुछ हिस्सा, बिजली व्यवस्था ठीक न होने से रहता है हादसे का डर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों का बुरा हाल है। पहले पेयजल के लिए और फिर गैस पाइप लाइन को लेकर खोदाई की गई। मगर सड़कों की ठीक से मरम्मत नहीं की गई। इससे गली-मोहल्ले और पॉश कॉलोनियों में दिक्कत बनी हुई है। पाइप लाइन से लीकेज की समस्या का भी पूर्णतया समाधान नहीं किया जा सका। वहीं, सालों बाद भी अवध नगर कॉलोनी को जाने वाली जर्जर सड़क के दिन अभी तक नहीं बदले। तालाब से सटी होने के कारण सड़क एक तरफ से धंस गई है। इससे हादसे का डर बना रहता है। मगर अभी तक सुधार के नाम पर यहां कुछ भी नहीं किया गया।

टनकपुर हाईवे पर जिला अस्पताल मोड़ के पहले रेशम विभाग कार्यालय होकर जाती अवध नगर कॉलोनी की सड़क पिछले पांच साल से बदहाल हालत में है।

वहीं नजदीक में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, होमगार्ड कार्यालय और बरात घर है। कॉलोनी को जाने के लिए हाईवे से मुख्य रास्ता भी यही है। इस सड़क के एक तरफ गौहनिया तालाब है। देखरेख के अभाव में यह सड़क जर्जर होती चली गई। अब हालात यह हैं कि इस मार्ग से निकलना जोखिम भरा हो गया है। करीब 200 मीटर की सड़क पूरी तरह से जर्जर है। बीच में पुलिया के पास सड़क का एक तरफ का हिस्सा तालाब में धंस चुका है। यहां कई कार्यालय और बरात घर होने से आवाजाही अधिक रहती है।

आसपास के स्कूलों में जाने वाले बच्चों के वाहन भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। कई बार स्थानीय लोगों ने जन प्रतिनिधियों ये सड़क की मरम्म्त कराने की मांग की। मगर किसी ने कुछ नहीं किया। सड़क बदहाल होने और बिजली के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने रात में इधर से गुजरते समय तालाब में गिरने का डर बना रहता है।

गहरे गड्ढों में कई बार वाहन भी पलट चुके हैं, जिससे लोग चोटिल भी हुए। बारिश के दिनों में तालाब का पानी सड़क पर आ जाता है।


अवध नगर कॉलोनी को जाने वाली सड़क का तालाब में धंसा हिस्सा। ● अमृत विचार


जर्जर सड़क से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

● **दिव्यांग दफ्तर और बरात घर जाने वालों को होती है दिक्कत**

जर्जर सड़कों का सुधार कराने के लिए सूचीबद्ध कराया जा रहा है। कुछ सड़कें नए सिरे से बनवाई जानी है। कुछ में मरम्मत कार्य होना है। इसे लेकर प्रयास चल रहे हैं, जल्द सुधार कराया जाएगा। – **लालचंद भारती**, ईओ

### अशोक कॉलोनी वालों ने खुद भरवाए सड़क के गड्ढे

करीब दो माह पूर्व नगर पालिका की ओर से अशोक कॉलोनी में लीकेज की समस्या को ठीक करने के लिए जेसीबी से अलग-अलग कर तीन स्थानों पर गहरे गड्ढे खोद दिए थे। कई दिन गड्ढे खुले रहे और लीकेज कॉलोनी के बाहर निकला था। इसके बाद खोदते वक्त निकली मिट्टी जेसीबी से वापस लौटकर पालिका की टीम चली गई। जल्द ही इसे बनवाने की बात कह दी गई, लेकिन 20 दिन के बाद भी कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा तो कॉलोनी के लोगों ने दिक्कत दूर करने के लिए निजी लेबर लगाकर अपनी ओर से ही गड्ढों को ठीक कराया।

### शहर के कई इलाकों में लीकेज से लोग परेशान

शहर की सड़कों की दुर्दशा के पीछे पेयजल पाइप लाइन में आ रही लीकेज की समस्या मुख्य है। अभी भी शहर के कई इलाकों में लीकेज की दिक्कत है। बेलों वाले चौराहा पर दो दिन पूर्व गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था। बोर्ड की पिछली बैठक में इसका स्थायी समाधान तलाशने को एजेंडे में शामिल किया गया, लेकिन हंगामा हो गया।


सड़क की हालत लंबे समय से जर्जर है। मगर उसका सुधार करने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश के समय में अधिक समस्या आती है। इसे गंभीरता से लेकर सुधार कराया जाए। –**धर्मेंद्र कुमार**, राहगीर


कई सालों से इस मार्ग को जर्जर हालत में ही देख रहे हैं। पता नहीं कब इसे ठीक कराया जाएगा। बारिश के दिनों में दिक्कत अधिक हो जाती है। कोई सुनने वाला नहीं है। –**विनोद शर्मा**, कालोनी वासी


अब तो उम्मीद ही छोड़ चुके हैं कि आखिर सड़क की हालत सुधरेगी। मरम्मत कार्य तो छोड़िए, हादसे की रोकथाम के लिए कोई संकेतक भी नहीं है। रात में अंधेरा पसरा रहता है। लाइट की व्यवस्था भी पुख्ता नहीं है। – **पंकज गुप्ता**


जर्जर मार्ग पर रात में सफर करते वक्त हादसे का डर बना रहता है। परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिम्मेदार पूरी तरह से मौन साधे हुए हैं। मरम्मत तक नहीं कराई जा सकी है। –**धीरेंद्र कुमार**, राहगीर

## आज दो दिवसीय दौरे पर आएंगे सांसद वरुण गांधी

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाजपा सांसद वरुण गांधी दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को पीलीभीत आएंगे।



प्रवक्ता एमआर मलिक ने बताया कि सांसद वरुण गांधी सोमवार सुबह करीब नौ बजे जनपद की सीमा में प्रवेश करेंगे। जहां कार्यकर्ताओं व समर्थकों द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह बरखेड़ा ब्लॉक के खजुरिया पचपेड़ा, फूटाकुआं, बरगदा आदि गांवों में जनसंवाद करेंगे। पीलीभीत जंक्शन पर आयोजित अमृत स्टेशनों के शिलान्यास कार्यक्रम में शरीक होंगे। इसके बाद बरखेड़ा ब्लॉक के ग्राम दौलतपुर पट्टी, उदराहा, दियुराजपुर, पैनिया हिम्मत, जादौपुर पट्टी, पिपरिया मंडन, ईंटारोड़ा, नारायणपुर, टिकरी माफी, बरखेड़ा यासीन, चंदपुरा, ढकिया रंजीत, चौसरा, परसिया, पकड़िया मंगली, सिमरा अकबरगंज आदि में जनसंवाद करेंगे। दूसरे दिन 27 फरवरी को बहेड़ी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जनसंवाद कर दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

# भाजपा में बिना भेदभाव हो रहा विकास

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को ग्राम पिपरिया भजा में युवा जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें मुख्य अतिथि मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा रहीं।

उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। इनसे लाभान्वित होने की अपील की गई।

कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में बिना भेदभाव विकास कराया जा रहा है। इस मौके पर गजेंद्र कुमार वर्मा, सुनील गुप्ता,प्रेम शंकर वर्मा, सुरेंद्र मौर्य, राजू कश्यप, सुखलाल कश्यप, वेद प्रकाश शर्मा, डोरी लाल वर्मा, धर्मेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी व अन्य। ● अमृत विचार

# प्रधानमंत्री आज करेंगे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास

● **सांसद वरुण गांधी व राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित होगा कार्यक्रम, रविवार देर शाम तक चली तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पीलीभीत रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर रेल महकमा रविवार देर रात तक तैयारी में जुटा रहा। यह कार्यक्रम सांसद वरुण गांधी एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के नेतृत्व में होगा। कार्यक्रम में अन्य जनप्रतिनिधि भी भाग लेंगे।

रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया कराने को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के 554 रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इज्जतनगर मंडल के छह रेलवे स्टेशनों को इस योजना से जोड़ा गया है, जिनमें पीलीभीत रेलवे स्टेशन भी शामिल है। यहां 16.7 करोड़ की लागत से पुनर्विकास कार्य किए जाएंगें। इसके तहत सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार, रेलवे प्लेटफार्म और कार्यालयों का अपग्रेडेशन, पार्किंग, मॉडर्न टॉयलेट ब्लाक, एस्केलेटर समेत तमाम सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।


रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम को लेकर तैयार किया गया पंडाल। ● अमृत विचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को देश के 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। इनमें पीलीभीत रेलवे स्टेशन भी शामिल है। स्थानीय स्तर पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर रेल महकमा रविवार को दिनभर तैयारी में जुटा रहा। इसके लिए रेलवे परिसर में भव्य पंडाल बनाया गया है। बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई है। जिसके माध्यम से शिलान्यास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। कनेक्टिविटी को चेक करने के लिंक टेस्टिंग भी की जा चुकी है। सोमवार सुबह 10.45 बजे से शुरू होने वाला कार्यक्रम सांसद वरुण गांधी एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के नेतृत्व में होगा। इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे।

इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि पीलीभीत-मैलानी रेल खंड के मैलानी-सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के बीच अंडरपास का उद्घाटन दौलतपुर ग्राम प्रधान राजीव कुमार के नेतृत्व में होगा। मैलानी-सेहरामऊ रेलवे स्टेशन के मध्य अंडरपास का उद्घाटन जोगराजपुर ग्राम प्रधान डॉ. किंदर कुमार के नेतृत्व में होगा। इसके अलावा पीलीभीत-शाहजहांपुर रेल खंड के बीसलपुर-निगोही रेलवे स्टेशन के बीच आरयूबी का उद्घाटन तालगांव के ग्राम प्रधान अयूब खान के नेतृत्व में होगा।

## सार-संक्षेप

### पहले सुनी मन की बात, फिर जनता की फरियाद



**पीलीभीत।** राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार ने रविवार को अपने जन सहयोग कार्यालय पर कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का सजीव प्रसारण देखा। इसके बाद फरियाद लेकर आए क्षेत्र के लोगों की सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए गए। इस मौके पर कार्यालय प्रभारी सुनील मिश्रा, रविन्द्र गंगवार, मनोज मिश्रा, शिवनरायन शर्मा, सुरेन्द्र कोरी, अनिल, कपिल मौर्य, प्रेम पाल, गुड्डू, रोशन लाल, पातीराम आदि मौजूद रहे।

### किसानों को दिए गन्ने की खेती बेहतर बनाने के टिप्स



**बरखेड़ा।** बजाज हिंदुस्तान चीनी मिल की ओर से रविवार को ग्राम ज्योराह कल्याणपुर में बृहद किसान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई में नई व अधिक उपज देने वाली गन्ना प्रजातियों की बुवाई, गन्ने की कम लागत में अधिक पैदावार, गन्ने में लगने वाले विभिन्न कीट एवं रोगों की पहचान व रोकथाम के बारे में बताया। करीब 150 किसानों ने सहभागिता की। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान डा. राममूर्ति गंगवार ने की। गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र शाहजहांपुर के सहायक निदेशक डॉ. पीके कपिल ने गन्ने की बेहतर खेती के बारे में टिप्स दिए। इस मौके पर गन्ना विकास निरीक्षक जेके मिश्रा, वरिष्ठ महाप्रबंधक सुबोध गुप्ता, सीबी सिंह, ब्रह्मपाल यादव, ज्ञानेन्द्र नाथ मिश्रा, श्याम सुन्दर, मोनू यादव, राकेश, रामदीन, फूलचन्द्र, हरिओम, कन्हई लाल, डा. महेन्द्र पाल, राजेन्द्र प्रसाद, अम्बरीष, नत्थू लाल आदि मौजूद रहे।

### भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष बने किशनलाल



**पीलीभीत।** भारतीय बौद्ध महासभा का चुनाव रविवार को प्रदेश उपाध्यक्ष राधेलाल बौद्ध, प्रदेश संयुक्त मंत्री राधेश्याम की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें किशनलाल जिलाध्यक्ष और लोकेश कुमार एडवोकेट को जिला लेखा परीक्षक चुना गया। जिला महासचिव असनी गौतम, बीसलपुर प्रभारी शिवराज गौतम, कलीनगर प्रभारी सुंदरलाल ,पूरनपुर प्रभारी हरीश कुमार गौतम, अमरिया प्रभारी मुकेश कुमार बनाए गए। इसके अलावा अन्य पदों पर भी जिम्मेदारी दी गई। सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर एलपी सागर, रामबाबू, अनिल कुमार, सुंदरलाल, भानुप्रताप, ओमप्रकाश, विजयपाल, छत्रपाल, प्रेम गौतम आदि मौजूद रहे।

# सभी थानों में कराया गया दंगा नियंत्रण का रिहर्सल


सुनगढ़ी थाने में दंगा नियंत्रण रिहर्सल करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** त्योहारों और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर थाना स्तर पर पुलिस को तैयार किया जा रहा है। किसी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिसकर्मी कितने तैयार हैं, इसे लेकर रविवार को दंगा नियंत्रण रिहर्सल कराया गया। समस्त थानों में पुलिसकर्मियों की दो टोली बनाई गईं। जिसमें एक टोली को दंगाई का रूप दिया गया। इसके बाद बॉडी प्रोटेक्टर पहनकर लाठी-डंडे से लेकर आंसू गैस चलाने तक चेक किया गया। दंगाइयों को रोकने के आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। एसपी अतुल शर्मा ने बताया कि समस्त थानों में दंगा नियंत्रण रिहर्सल कराया गया है।

## जर्जर भवन होने पर बदले दो मतदेय स्थल

**पूरनपुर, अमृत विचार :** भवन जर्जर होने पर दो मतदेय स्थलों में परिवर्तन किया गया है। एक मतदेय स्थल को पास के स्कूल और दूसरे को मतदाताओं की संख्या के अनुसार दूसरे गांव में बनाया गया है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के सुखदासपुर नवदिया के कन्या प्राथमिक स्कूल में मतदेय स्थल बनाया गया था। इसमें बूथ संख्या 23 व 24 पर मतदान किया जाता था। कन्या प्राथमिक स्कूल का भवन जर्जर होने पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसके चलते कन्या प्राथमिक स्कूल में बनाए गए मतदेय स्थल को परिवर्तित किया गया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय में अब मतदाता स्थल बनाया गया है। जिसमें लोकसभा चुनाव में बूथ संख्या 23 के मतदाता मतदान करेंगे। जबकि बूथ संख्या 24 जो कि पहले कन्या प्राथमिक स्कूल में ही बनाया जाता था। उसे उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखदासपुर में स्थापित किया गया है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने पर अभ्यर्थियों में खुशी, मिठाई बांटी

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा के 17 व 18 फरवरी को हुए पेपर निरस्त किए जाने की सरकार की घोषणा के बाद रविवार को अभ्यर्थियों ने खुशी मनाई। इस पर कुछ अभ्यर्थियों ने मिठाई बांटी। साथ ही यह परीक्षा दोबारा सख्त इंतजाम के तहत करने की मांग सरकार से की गई।

नगर के मोहल्ला पटेल नगर में बस स्टैंड के पास रविवार को अभ्यर्थी जमा हुए। जिसके बाद पेपर रद्द करने की घोषणा को लेकर खुशी जताई। उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा का पेपर टेलीग्राम ग्रुप पर वायरल हो गया था। इसे लेकर विरोध प्रदर्शन किए। अब सरकार ने परीक्षा रद्द करके सही निर्णय लिया है। छह माह के भीतर अब जब दोबारा परीक्षा कराई जाए तो इंतजाम सख्त रखे जाएं ताकि अभ्यर्थियों की मेहनत बर्बाद न हो। इस मौके पर प्रमोद मिश्रा, दीपक लोधी, हरी प्रताप, सत्येंद्र कुमार, पवन कुमार, पवन गंगवार, हैदर अली, राम आदि मौजूद रहे।


बीसलपुर के मोहल्ला पटेल नगर में पेपर रद्द होने पर खुशी मनाते अभ्यर्थी।

● **बोले- अगली बार परीक्षा को लेकर सख्त इंतजाम के दिए जाएं निर्देश, जिससे पर्चा लीक न हो**

# भाजपा के जनसंवाद कार्यक्रम में दिया बूथ मजबूती का संदेश

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का जनसंवाद कार्यक्रम तेज हो गया है। रविवार को नगर के लाइनपार, जिला पंचायत भवन में युवा संवाद कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय संयोजक अवनीश शर्मा और विशिष्ट अतिथि विधायक बाबूराम पासवान रहे। भाजपा नेताओं ने समाज के कल्याण के लिए चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की और आगामी चुनाव को लेकर बूथ मजबूती का संदेश दिया।

सर्वप्रथम भाजपा कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। अपना बूथ मजबूत करें। समाज के कल्याण के लिए जो योजनाएं संचालित हैं। उनका प्रचार-प्रसार करें। ताकि समाज के जरूरतमंद लोग उनसे लाभान्वित हों। कार्यकर्ताओं को घर-घर जाना होगा। कार्यशाला में पूर्व मंत्री डॉ. विनोद तिवारी, महादेव गाईन, विधानसभा विस्तारक संजय सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष डालचंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रूम सिंह यादव,नगर अध्यक्ष प्रेम पाल वर्मा, अखिलेश वर्मा आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व अतिथियों को रामदरबार का चित्र भेंट किया गया।


अतिथियों को राम दरबार का चित्र भेंट करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय संयोजक और विधायक हुए शामिल**

## शिविर में हुई निशुल्क जांच, दवाएं दी गईं


मरीज काको चेकअप करते डॉ.रंजीत।

**मझोला, अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरसिंह सभा हरदासपुर में रविवार को निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से लगाए गए शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति आदि से जुड़े मरीजों को परामर्श दिया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष सरदार देवेंद्र सिंह,सचिव हरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, करमजीत सिंह चन्ना, सुखबीर सिंह बेदी, महेश मित्तल,रमेश गोयल, जगजीत सिंह जग्गू, गुरविंदर सिंह, जुगनदीप सिंह मान, ग्राम प्रधान सुलिन्दर सिंह रहे।

# पीलीभीत ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान कराना है


जागरुकता अभियान के दौरान बांटे गए ग्रीटिंग कार्ड दिखातीं महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** मरौरी ब्लॉक के ग्राम कुकरा, टंडोला ,पीराताल उर्फ मोहम्मद गंज में रविवार को मतदाता जागरुकता अभियान चला। जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इंतजार खान ने ग्रामीणों को प्रेरित किया।

बीएलओ राजेश कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करें। वोट से आप अपना एक बेहतर जनप्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। चुनावी पाठशाला में ग्राम वासियों को ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए। लोगों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। कहा कि दबाव में आकर गलत वोट न करें। कहा कि विधानसभा चुनाव 2022 में जिले में 69.6 प्रतिशत मतदान हुआ था। आगामी लोकसभा चुनाव में इससे अधिक मतदान हो। नारा दिया कि पीलीभीत ने ठाना है शत-प्रतिशत मतदान करना है।


The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पंडरी में बाघ की दहशत..खेतों में पटाखे दागने को मजबूर किसान

## डर की वजह से रात को खेतों पर नहीं जा रहे लोग, छुट्टा पशु कर रहे फसलों को बर्बाद, खेत में गन्ने की कटाई के दौरान एक व्यक्ति खड़े होकर करता है बाघ की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पंडरी गांव में बाघ की मौजूदगी से लोग खौफजदा हैं। इससे खेती-किसानी का काम प्रभावित होने लगा है। बाघ कब किसको निवाला बना ले, इसके डर से किसान पटाखे दागकर खेतों में काम करने को मजबूर हैं। बाघ के न पकड़े जाने से लोग घर से बाहर जाने से डर रहे हैं।

इन दिनों खेतों में गन्ने की छिलाई का काम तेजी से चल रहा है। मगर महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी के किसान खेतों में खड़े गन्ने की कटाई करने से कतरा रहे है। इसकी वजह यहां बाघ की मौजूदगी है। पंडरी गांव में अधिकांश मझोले व छोटे किसान हैं। पिछले कुछ दिनों से यहां के किसानों ने बाघ की दहशत के चलते खेतों में जाना बंद कर रखा है। इससे खेतों में खड़ी फसलों को आवारा पशु बर्बाद कर रहे हैं। वहीं, गन्ने की फसल खेतों में सूख रही है। इसके बावजूद किसान खेतों की ओर जाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं। हालांकि जिन किसानों की गन्ना पर्ची आ चुकी है, उनके लिए खेतों में जाकर गन्ने की कटाई और छिलाई करना मजबूरी है। महज दो-तीन बीघे में खड़े गन्ने की कटाई के लिए पूरा तामझाम करना पड़ रहा है।

किसानों को गन्ने की कटाई करने के दौरान थोड़े-थोड़े समय के अंतराल पर पटाखे दागने पड़ रहे हैं। ताकि बाघ पटाखे की आवाज सुनकर खेतों में न आए। खेतों में कटाई करने वालों को छोड़कर एक-दो व्यक्ति तो सिर्फ इसीलिए रखे जा रहे हैं कि बाघ दिखने पर उन्हें जानकारी मिल सके। इन सबके बीच किसान अपनी जान जोखिम में डालकर खेतों में काम कर रहे हैं। इन किसानों का कहना है कि यदि बाघ को जल्दी नहीं पकड़ा गया तो कोई और अनहोनी हो सकती है। बाघ पकड़ने के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर टाइम पास किया जा रहा है। अमृत विचार टीम ने इन किसानों का हाल जानने की कोशिश की तो उनका दर्द जुवां पर आ गया।


गन्ने की कटाई के दौरान खेत पर पटाखे दागता किसान। • अमृत विचार

- **किसान बोले : निगरानी टीमें कर रही खानापूरी, तभी नहीं पकड़ा जा रहा बाघ**


पिछले दो महीने से बाघ गांव के आसपास घूम रहा है। मेरे बेटे को बाघ ने मार डाला। उस समय तो सभी ने बड़ी-बड़ी बातें कीं, लेकिन अब कोई झांकने तक नहीं आ रहा। गन्ने की कटाई के लिए बड़ी मुश्किल से लोगों को राजी किया है। **– छोटेलाल**, किसान


गन्ने की कटाई से ज्यादा ध्यान तो सिर्फ इसी बात पर रहता है कि कहीं बाघ आकर हमला न कर दे। गंधक-पोटाश से पटाखे दागकर कटाई करनी पड़ रही है। एक दो आदमियों को निगरानी के लिए लगाना पड़ रहा है। **–रामगोपाल**, किसान

# आबादी किनारे दिखा बाघ, वन कर्मियों को नहीं मिली लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पंडरी गांव में रविवार तड़के बाघ के दस्तक देने से हड़कंप मच गया। बाघ को सामने देख किसान के होश उड़ गए। गनीमत यह रही कि बाघ की नजर किसान पर नहीं पड़ी और उसने अपना रास्ता बदल दिया। किसान ने इसकी जानकारी गांव वालों की दी तो घबराए लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। सूचना मिलने के बाद बाघ मित्रों ने मौके पर पहुंचकर बाघ पगमार्क ट्रेस किए। खास बात यह है कि बाघ पंडरी गांव के आसपास घूम रहा है, लेकिन निगरानी टीम को पिछले 48 घंटे से बाघ की लोकेशन नहीं मिल रही है।

महोफ रेंज से सटे पंडरी में 19 फरवरी को बाघ ने गांव के युवक पंकज को निवाला बना लिया था। तब से बाघ लगातार गांव के आसपास खेतों में डेरा जमाए हुए हैं। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद बाघ को पकड़ने के लिए गांव के पूरब दिशा में तालाब किनारे पिंजड़ा लगाया गया है। यहां 12-12 घंटे की शिफ्ट में वन कर्मियों की टीमों द्वारा बाघ की निगरानी करने का दावा किया जा रहा है। घटनास्थल और उसके आसपास क्षेत्र में सात ट्रेपिंग कैमरे भी लगाए गए हैं, ताकि बाघ की गतिविधियों पर निगाह रखी जा सके। बावजूद इसके बाघ पिंजड़े में कैद नहीं हो पा रहा है।

उधर, रविवार सुबह साढ़े छह बजे बाघ देखे जाने से लोग दहशत में आ गए। ग्रामीणों के मुताबिक तड़के बाघ सरसों के खेत से होता हुआ आबादी के किनारे आ पहुंचा। उस वक्त वहीं के हरिकेश सिंह अपना खेत देख घर ओर लौट रहे थे। रास्ते से गुजरने के दौरान उनकी नजर बाघ पर पड़ी। गनीमत यह रही कि बाघ की नजर हरिकेश पर नहीं पड़ी और कुछ पल रुकने के बाद बाघ दूसरी तरफ खेतों में चला गया। बाघ के जाने के बाद हरिकेश सिंह ने गांव पहुंचकर लोगों को खेतों में बाघ होने की सूचना दी। बाघ दिखने की सूचना मिलते ही दो बाघ मित्र मौके पर पहुंचे और पगमार्क ट्रेस किए। वहीं निगरानी में लगी टीमों की सतर्कता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब उनसे बाघ की लोकेशन के संबंध में जानकारी की तो उन्होंने पिछले 48 घंटे से बाघ की लोकेशन न मिलने का दावा किया। जबकि कुछ घंटे पहले ही बाघ से करीब 300 मीटर की दूरी पर दस्तक दे चुका था।


बाघ की निगरानी को लगी वन कर्मियों की टीम। • अमृत विचार


बाघ को पकड़ने के लिए खेत में लगा पिंजड़ा।

- **पिछले सात दिनों से गांव के पास डेरा जमाए है बाघ, पकड़ने में नाकाम रहे वन विभाग वाले**

### महज 15 मीटर दूर खड़ा रहा बाघ


प्रत्यक्षदर्शी किसान हरिकेश सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे के आसपास वह खेत देखकर घर जा रहे थे। जैसे ही न्यूरिया खुर्द-शिवपुरिया मार्ग के पास पहुंचे, तभी बाघ खेतों से निकलकर सामने आ गया। बाघ महज 15 मीटर दूर खड़ा था, लेकिन बाघ का मुंह दूसरी तरफ था। बाघ देख शरीर सुन्न सा हो गया था। कुछ देर ठिठकने के बाद बाघ दूसरी तरफ चला गया।

## एक नजर

### पति समेत सात पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**बीसलपुर।** दहेज में कार न मिलने पर ससुराल वाले पहले विवाहिता को मायके छोड़ गए। इसके बाद मायके में आकर मारपीट की। कोतवाली क्षेत्र के रामनगर कॉलोनी निवासी पिंकी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी पांच साल पहले बरेली जिले के भुता थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदा निवासी रोहिताश से हुई थी। कार की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 10 अक्टूबर 2022 को बच्चों समेत मायके छोड़ गए। 11 फरवरी 2024 को ससुराल वालों ने मायके आकर मारपीट की। पुलिस ने पति रोहिताश, सास रामलली, राजेश, मंजू, भानू व दो अज्ञात पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

### दीपक बने व्यापार मंडल न्यूरिया कॉलोनी के अध्यक्ष

**मझोला।** गांव उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल युवा के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने बताया कि व्यापारी दीपक राय को संगठन का न्यूरिया कॉलोनी का अध्यक्ष बनाया है। जल्द ही कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए दस मार्च को होने वाले अधिवेशन की तैयारियों में जुटने की जिम्मेदारी दी गई है। मनोनयन पर जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, संरक्षक प्रकाशवीर सिंह, महामंत्री पंकज अग्रवाल, अखिलेश गुप्ता, अंशुमन तिवारी, पंकज शर्मा, प्रदीप शुक्ला, शैली शर्मा, नन्द किशोर कश्यप आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने कच्ची शराब समेत एक आरोपी पकड़ा


**पूरनपुर।** कोतवाली पुलिस ने लोधीपुर तिराहे से रविवार को एक युवक को पकड़ा। पूछने पर आरोपी ने अपना नाम कलीनगर निवासी आयुष गुप्ता बताया। उसके पास मौजूद केन को चेक किया तो 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# सेल्फी लेते वक्त डैम में गिरे युवक का शव अप्सरा नदी में मिला

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार:** सेल्फी लेते वक्त डैम में गिरे युवक का शव चार दिन बाद रविवार को अप्सरा नदी में मिला। नदी किनारे खड़ी झाड़ियों में फंसने से शव रुक गया था।

गाजीपुर के रहने वाले सुरेश पासवान काफी समय से उत्तराखंड के रुद्रपुर इलाके में परिवार समेत रहते हैं। उनका 18 वर्षीय पुत्र सत्यम 21 फरवरी को अपने तीन दोस्तों के संग अमरिया क्षेत्र में आया था। परेवा वैश्य मार्ग पर स्थित पौटा डैम पर मोबाइल पर रील बनाते वक्त वह डैम में गिर गया था। इसके बाद से उसकी तलाश चल रही थी। गोताखोरों के अलावा पीएसी की टीम भी मोटर बोट की मदद से सत्यम की तलाश में जुटी थीं। चार दिन बाद रविवार सुबह जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम निसरा के पास सत्यम का शव अप्सरा नदी में मिला। शव नदी किनारे झाड़ियों में फंसा हुआ था। नदी के पास से गुजर रहे ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में जहानाबाद इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला मौके पर जा पहुंचे। इसके बाद अमरिया पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव बाहर निकाला। परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने सत्यम के रूप में शव की शिनाख्त की। एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार की ओर से किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है।


अप्सरा नदी में शव मिलने के बाद पहुंची पुलिस और जुटी भीड़। • अमृत विचार

- **अमरिया क्षेत्र में 21 फरवरी को हुआ था हादसा,परिजनों ने नहीं लगाया कोई आरोप**

## वारिस बनकर फर्जी तरीके से बेच दी दूसरे की जमीन, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी सोमपाल कश्यप की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें ग्राम गझेड़ी निवासी नदीम खां, आरिफ, मंगली प्रसाद, सितारगंज निवासी सोमवती, मुकेश कुमार, सर्वेश कुमार को आरोपी बनाया है।

रिपोर्ट अनुसार वादी की पत्नी मिथलेश कश्यप के नाम पर गझेड़ी गांव में जमीन है। सह खातेदार मैकूलाल की मौत हो चुकी है। उसका कोई वारिस नहीं है। आरोपी मंगली प्रसाद ने मृतक मैकूलाल का वारिस बनकर पीड़ित की पत्नी के नाम की जमीन बेच दी। 26 दिसंबर 2023 को बैनामा भी करा दिया गया। इसका विरोध किया तो पीड़ित से मारपीट की गई।

# नायब तहसीलदार ने अवैध खनन में लगी मडलोडर पकड़ी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** नगर के एक राइस मिलर ने खेत में मडलोडर मशीन लगाकर खनन शुरू कर दिया। इसकी जानकारी नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने छापा मारकर खनन में लगी मशीन और मिट्टी से लदे दो ट्रैक्टर-ट्राली कब्जे में ले ली है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी है।

आम लोग पुलिस-प्रशासन के डर से एक ट्राली मिट्टी निकालने का भी साहस नहीं जुटा पाते हैं। वहीं, रसूखदार अवैध तरीके से मशीनें लगाकर खनन करने में जुटे हैं। चांट फिरोजपुर गांव में खेतों में मडलोडर मशीन चलाकर बड़ी मात्रा में मिट्टी ठिकाने लगा दी गई। जबकि राइस मिलर के पास सौ घन मीटर की अनुमति थी। आरोप है कि इसकी आड़ में मशीन लगवाकर बड़े पैमाने पर खनन किया यगा। इस मामले की शिकायत एसडीएम और तहसीलदार से की गई। इसके बाद रविवार को नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी ने लेखपाल अनिल चौधरी के साथ मौके पर जा पहुंचे और मशीन से खनन होता पकड़ा। इस दौरान मिट्टी भरी दो ट्राली भी कब्जे में ली गईं।बताया जा रहा है कि नगर के आसपास कई प्रतिष्ठान, प्लॉट और कॉलोनियों के पटान के लिए इसी तरह अवैध खनन चल रहा है।


मौके पर जांच करते नायब तहसीलदार व लेखपाल। • अमृत विचार

- **दो ट्रैक्टर-ट्रालियां भी कब्जे में लीं आरोपी पर कार्रवाई की तैयारी**

> खनन के लिए उपयोग की जा रही मडलोडर मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रालियां सीज की गई हैं। जांच रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है, सख्त कार्रवाई होगी।
> – **अभिषेक त्रिपाठी**, नायब तहसीलदार

# बाबू पर मेहरबान थे जिम्मेदार..शासन ने कार्यमुक्त करने का दे दिया आदेश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कुछ दिन पूर्व आरोपी बाबू को बीसलपुर से हटाकर विकास भवन में किया गया था तैनात**
- **डीडीओ ने डीपीआरओ को दिए वरिष्ठ सहायक को कार्यमुक्त करने के आदेश**

**अमृत विचार:** शासन ने डीपीआरओ कार्यालय में तैनात एक चर्चित बाबू को तत्काल कार्यमुक्त कर मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। खास बात यह है कि कुछ दिन पहले ही इस बाबू को विकास भवन से सम्बद्ध किया गया था। शासन के आदेश के बाद डीडीओ ने वरिष्ठ सहायक को तत्काल कार्यमुक्त करने का आदेश दिया है। मामला खासी चर्चा का विषय बना हुआ है।

जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक महेश कुमार को तत्कालीन डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने बीसलपुर स्थानांतरित किया था। बताते हैं कि डीएम के तबादले के बाद अफसरों ने मेहरबानी दिखाते बाबू को कुछ दिन पूर्व पुनः बीसलपुर से हटाकर विकास भवन से सम्बद्ध कर दिया। बाबू को डीपीआरओ कार्यालय से सम्बद्ध किए जाने का मामला खासी चर्चा का विषय बना हुआ था। इसी बीच अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने डीएम को आदेश जारी करते हुए महेश कुमार की जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से सम्बद्धता समाप्त करते हुए मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। आदेश जारी होने के बाद जिला विकास अधिकारी हवलदार सिंह ने जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार को आदेश जारी करते हुए वरिष्ठ सहायक को कार्य मुक्त करने को कहा है। बताते हैं कि वर्ष 2022 में भी चर्चित बाबू पर पटल न छोड़ने को लेकर कार्रवाई हो चुकी है। डीपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि जिला विकास अधिकारी के निर्देशानुसार महेश कुमार को कार्यमुक्त कर दिया गया है।

## पुराने विवाद में हमला करने की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलैंदा गौटिया के निवासी राममूर्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 फरवरी की सुबह 10 बजे गांव के कुछ लोगों ने पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज की। विरोध करने पर हमला कर मारपीट की। बीच बचाव कराने पर पत्नी ऊषा देवी, बेटी मोहिनी को भी पीटा। पुलिस ने मामले में रामसरन, रामू, श्यामू, नन्हे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में घायल फार्मेसी के छात्र की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- **बरेली के निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज, शाहजहांपुर के गांव सिमरिया जादोंपुर कलां का रहने वाला था कामिल खान**

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में घायल हुए फार्मेसी के छात्र कामिल खान की इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसके दो अन्य साथियों की हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरिया जादोंपुर कलां निवासी फरियाद खान का बेटा कामिल खान (23) फार्मेसी का छात्र था। गुरुवार को कामिल खान अपने रिश्तेदार रबीउद्दीन (18 ) और आशिक (30) के साथ काम से शाहजहांपुर जिले के पुवायां गया था। वहां लक्ष्मीपुर मोड़ के पास एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसकी जानकारी मिलने पर पहुंचे परिजन उन्हें इलाज के लिए बरेली ले गए। बरेली के एक निजी अस्पताल में सभी का उपचार चल रहा था। रविवार को कामिल की हालत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। डॉक्टरों के रेफर करने पर परिजन उसे भोजीपुरा मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कामिल फार्मेसी की इंटनर्शिप कर रहे थे। कामिल का जनाजा गांव पहुंचा मातम छा गया।


मृतक कामिल खान

## चोरी का ई-रिक्शा समेत तीन गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** सुनगढ़ी पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इनके कब्जे से चोरी किया गया एक ई-रिक्शा, दो चाकू, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए।

इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि रविवार को वह गश्त पर थे। इस दौरान ईदगाह रेलवे क्रासिंग से टाईगर तिराहे की तरफ जाने वाले मार्ग से मोहल्ला मलिक अहमद निवासी आशीष शर्मा, मोहल्ला सरफाराज खां निवासी अजय और मोहल्ला पकड़िया निवासी गोपाल सागर की गिरफ्तारी की गई। इनके पास से एक ई-रिक्शा बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि उक्त ई-रिक्शा शनिवार रात को ही मोहल्ला सुनगढ़ी से चोरी किया गया था। आरोपियों के पास से असलहा भी बरामद हुए। तीनों को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

## ननिहाल आए युवक को पीटा, आरोपियों पर रिपोर्ट

**बीसलपुर।** जनपद शाहजहांपुर के बंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पाहकरपुर निवासी जितिन मिश्रा ने बताया कि 22 फरवरी को वह बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर हीरा अपनी ननिहाल आया था। वहां दावत में उसकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। इस पर उसे बंदूक की बट से पीटा गया। परिवार के सदस्यों ने बमुश्किल बचाया। पुलिस ने मामले में दौलतपुर हीरा गांव निवासी मुकेश, संजू और तीन अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की है।

**फैमिली प्लानिंग** 10 महीने में 1418 महिलाओं ने कराई नसबंदी, पुरुषों की संख्या केवल 11 रही, पूरा नहीं हो सका लक्ष्य

# जनसंख्या रोकने में महिलाएं पुरुषों से कई गुना आगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश लगाने के लिए शासन की ओर से परिवार नियोजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनसंख्या रोकने में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं कई गुना आगे हैं। नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार परिवार नियोजन के साधन अपनाने में महिलाओं की सजगता लगातार बढ़ रही है। इनके मुकाबले पुरुषों का आंकड़ा काफी कम है। जिले में परिवार नियोजन अभियान के तहत कराई जाने वाली नसबंदी में पुरुषों का ग्राफ बेहद कम रहा है। पिछले 10 माह में 1418 महिलाओं और 11 पुरुषों ने नसबंदी कराई है।

परिवार नियोजन के तहत नसबंदी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य विभाग महिला और पुरुषों को जागरूक कर नसबंदी के लिए प्रेरित करता है। शासन की ओर से नसबंदी कराने वाले पुरुषों को तीन हजार रुपये मिलते हैं। साथ ही नसबंदी के लिए प्रेरित करने वाले कर्मचारी को चार सौ रुपये देय होते हैं। महिला को नसबंदी कराने पर दो हजार रुपये मिलते हैं। उसे प्रेरित करने वाले को तीन सौ रुपये दिए जाते हैं। इसके बाद भी नसबंदी अभियान जिले में सफल नहीं हो पा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले में पुरुषों के लिए 30 का लक्ष्य तय किया गया था। जबकि महिलाओं के लिए 2200 की संख्या निर्धारित की गई थी। इस लक्ष्य को पाने के लिए गांव-गांव कैंप और अभियान चलाया गया। मगर इसके बाद भी एक अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक केवल 11 पुरुषों ने नसबंदी कराई। जबकि नसबंदी कराने वाली महिला की संख्या 1418 हो गई है। यह पुरुषों के तुलना में कई गुना ज्यादा है।

पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 20 के सापेक्ष केवल 12 पुरुषों और महिलाओं ने 2666 की तुलना में 1678 महिलाओं ने नसबंदी कराई थी। खास बात यह है कि नसबंदी के मामले में जिले में कभी निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। हालांकि हर बार पुरुषों की तुलना में महिलाएं आगे रही हैं।

### भ्रांतियों के चलते पुरुष नहीं कराते नसबंदी

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो पुरुष कई भ्रांतियों को के चलते नसबंदी नहीं करते हैं। लोगों का मानना है कि नसबंदी कराने से शारीरिक कमजोरी आती है। इस भ्रांति को मन से निकालकर यह जानना बहुत जरूरी है कि महिला नसबंदी की अपेक्षा पुरुष नसबंदी अत्यधिक सरल और सुरक्षित है। इसलिए दो बच्चों के जन्म में पर्याप्त अंतर रखने के लिए और जब तक बच्चा न चाहें तब तक परिवार नियोजन का प्रयोग करें।

> स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को नसबंदी के लिए जागरूक किया जा रहा है। अभी तक जनवरी माह में महिलाओं ने सबसे ज्यादा नसबंदी कराई है। आगे भी अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। आशा और अन्य संगठनों के माध्यम से गांवों में जागरूकता गोष्ठी कराई जा रही है। अभी तक 1429 नसबंदी कराई जा चुकी है। - **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient





उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler ) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी


# गुनाहों से तौबा के साथ इबादत में गुजरी शबे बारात, महफिल-ए-मिलाद सजी

## रंग बिरंगी रोशनी से सजाई गईं मस्जिदें, रातभर जारी रहा दुआओं का सिलसिला

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** तमाम रातों में अफजल शबे बारात पर इबादत और तिलावत का सिलसिला जारी रहा। घरों में फातिहा हुई। महफिल-ए-मिलाद सजी। इशां की नमाज के बाद मुस्लिम बाहुल्य मुहल्ले और गांवों का माहौल रूहानी हो गया। रात भर इबादत और तिलावत का दौर चला। अकीदतमंदों की आमद से मस्जिदें गुलजार रहीं।

इस्लामिक कैलेंडर के आठवें महीने-शाबान में शबे बरात मनाई जाती है। इस रात को तमाम रातों में अफजल माना जाता है। रविवार को शबे बारात को लेकर मुस्लिम गांव और मोहल्लों में साफ-सफाई का विशेष अभियान चलाया गया। शहर के मोहल्ला भूरे खां में मस्जिद मोटा पाकड़ में शबे बारात इबादत और दुआओं के साथ मनाई गई। मस्जिद के इमाम हाफिज कारी इस्माइल ने उवैस करनी रहमतुल्लाह अलैह की जिंदगी पर रोशनी डाली। यहां हाजी गुलफाम बेग, मुदस्सिर खां, मोहसिन खां, अब्दुल कदीर आदि मौजूद रहे।



शबे बरात के मौके पर रंग बिरंगी रोशनी से सजी जामा मस्जिद और मौजूद अकीदतमंद।

इधर, त्योहार के मद्देनजर पूरनपुर क्षेत्र के शेरपुर कलां गांव में स्वच्छता अभियान चला। इसी तरह अन्य गांवों में भी साफ-सफाई की गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुईया स्थित हजरत मुहम्मद मस्तान शाह मियां की दरगाह पर रातभर अकीदतमंदों की हाजिरी का सिलसिला चलता रहा। जहां आसपास के गांवों के अलावा नगर से हजारों की संख्या में अकीदतमंद दरगाह पर पहुंचे। दुरुद-ओ-सलाम का नजराना पेश किया। कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों की मगफिरत की दुआएं कीं।मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कहा कि इस रात का आला मुकाम है। रात भर इबादत और तिलावत करके, दुआएं मांगी जाती हैं। शबे बारात को लेकर पहले ही उलमा के साथ बैठक की जा चुकी है। अदब और एहतराम के साथ इसे मनाया जा रहा है।

### शहर में देर रात तक रहा जश्न का माहौल

**पीलीभीत।** जिले भर में रविवार को शबे बरात मनाई गई। शहर की जामा मस्जिद शबे बरात के मौके पर हर साल की तरह इस बार भी रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हो उठी। देर रात तक मेले जैसा माहौल रहा। बड़ी संख्या में अकीदतमंद पहुंचे और दुआएं की। बाहर लगी दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की। युवाओं सारी रात सड़कों पर घूमकर जश्न मनाते रहे।

# युवती की बरामदगी में लापरवाही पड़ी भारी...चली गई थानेदारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पुलिस के खिलाफ पिछले दो दिन से धरना प्रदर्शन कर रहे थे लापता युवती के घरवाले
- युवती के परिजनों ने इंस्पेक्टर पर लगाया आरोपी पक्ष से साठगांठ करने का आरोप
- शादी से पहले युवती को बहला फुसलाकर ले गया दूसरे समुदाय का एक युवक

**अमृत विचार :** लापता युवती को बरामद करने में लापरवाही करना बरखेड़ा थाना प्रभारी को भारी पड़ गया। पीड़ित पक्ष के दो दिन प्रदर्शन करने के बाद इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला को बरखेड़ा थाने से हटाकर रिट सेल भेज दिया गया। लोग उन पर दूसरे समुदाय के आरोपियों से साठगांठ करने का आरोप लगा रहे थे। उनके स्थान पर इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान को बरखेड़ा थाने का प्रभारी बनाया गया है।

19 फरवरी को बरखेड़ा क्षेत्र की एक युवती को दूसरे समुदाय का युवक बहला फुसलाकर ले गया। इससे दोनों समुदायों के बीच तनाव की स्थिति बन गई थी। इसकी सूचना देने के बावजूद थाना स्तर पर इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।

युवती की सोमवार 26 फरवरी को शादी होनी तय है। इससे युवती की बरामदगी को लेकर लोग सड़क पर उतर आए। लगातार दो दिन शुक्रवार व शनिवार को युवती पक्ष के लोगों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया। इस मामले में इंस्पेक्टर बरखेड़ा की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए गए। उन पर आरोपी पक्ष से सांठगांठ का आरोप लगाया। मामला के तूल पकड़ने पर पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया। इसके बाद गंभीर आरोपों में घिरे इंस्पेक्टर मृदुल कांत शुक्ला को बरखेड़ा थाने का चार्ज छीन लिया गया। उनके स्थान पर अरविंद सिंह चौहान को बरखेड़ा का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। युवती की बरामदगी के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। नए इंस्पेक्टर ने रविवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

युवती की बरामदगी को लेकर टीमें लगी हुई है। सर्विलांस की मदद ली जा रही है। जिस युवक पर लड़की को ले जाने का आरोप है। उसके परिवार वालों से भी पूछताछ की जा रही है। लड़की की बरामदगी के लिए दो टीमें रवाना भी की गई है। **– अरविंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बरखेड़ा**

### ...तो सपा नेता के बेटे से नजदीकी बनी वजह

बताते हैं कि परिवार की ओर से युवती के जाने के बाद कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई थी। मगर विभिन्न संगठन से जुड़े लोग परिवार के साथ पुलिस से मिले थे। शुरुआत से ही सिर्फ आश्वासन दिए जाते रहे। दो दिनों में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान इंस्पेक्टर पर सपा के एक नेता के बेटे से नजदीकी होने का आरोप लगाया गया। हालांकि सपा नेता युवती को फुसलाकर ले जाने के मामले में अपने परिवार से कोई लेना-देना न होने की बात कह रहे हैं।

# गोवर्धन गिरधारी रे सुध लेना हमारी...

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बनकटी रोड पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को नंदोत्सव और उसके बाद की लीला का प्रसंग सुनाया गया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

कथा व्यास गोपाल शरण महाराज ने बताया कि नंद बाबा के नंदोत्सव के बाद श्रीकृष्ण ने अनेक बाल लीलाएं की। ब्रज वासियों की रक्षा के लिए कई राक्षसों का संहार किया। प्रभु ने माखन चोरी लीला के माध्यम से यह संदेश दिया कि जिसका भाव पवित्र और मन निर्मल हो, भगवान उसके घर अवश्य पहुंचते हैं। इसके बाद प्रभु ने बाल आयु में इंद्र के अभिमान को चूरकर अपने लोगों, ब्रज वासियों की रक्षा की। कथावाचक ने कहा कि मनुष्य पर चाहे कितनी बड़ी विपत्ति क्यों न आ जाए, लेकिन धैर्य नहीं खोना चाहिए। विपत्ती में अगर कोई प्रभु का आश्रय ले तो प्रभु उसकी बड़ी से बड़ी बाधा हरने के लिए तत्पर रहते हैं। मुख्य यजमान सतीश जायसवाल और उनकी पत्नी लक्ष्मी जायसवाल ने गोवर्धन गिरिराज जी का पूजन अर्चन किया।



श्रीमद भागवत कथा में मौजूद भक्त।

- भागवत कथा में 5वें दिन नंदोत्सव मनाया, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

56 भोग भी लगाए गए। गिरिराज धरण प्रभु तुम्हारी शरण, श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रहा, गोवर्धन गिरिधारी रे सुध लेना हमारी, गिरिराज वास मैं पाऊं ब्रज तज बैकुंठ न जाऊं.. आदि भजनों पर भक्त झूमते रहे। इस दौरान राज्यमंत्री संजय गंगवार के पिता बाबूराम गंगवार, पीसीयू सभापति सुरेश गंगवार, डॉ. प्रणव शास्त्री, दुष्यंत कुमार, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,प्रदीप अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुनीता सिंह, सुनीता सिंह, रमेश सिंह, संगीता दास पटेल आदि मौजूद रहे।

# युवकों ने घर में घुसकर की मारपीट धमकाने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** गांव भैसाई पर्वतपुर निवासी महेंद्र पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 फरवरी को वह बीसलपुर से शाम करीब सात बजे घर आए। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने बताया कि घर का दरवाजा तोड़कर चार लोग घुस आए। आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए परिवार के सदस्यों से मारपीट की। शोर करने पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

वहीं, पीलीभीत के सुनगढ़ी मोहल्ले में दो पड़ोसियों के बीच कहासुनी की बाद मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों ने तहरीर दी है।

## सार-संक्षेप

### स्वयं सेविकाओं ने कितनापुर में किया श्रमदान



**बीसलपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई प्रथम के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन आत्मनिर्भरता एवं कौशल विकास दिवस के रूप में मनाया गया। स्वयं सेविकाएं रविवार को प्राथमिक विद्यालय कितनापुर पहुंची। लिली टोली ने शिविर स्थल की सफाई की। सरस्वती वंदना व लक्ष्य गीत गाया। कमल टोली ने भोजन व्यवस्था की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चन्द्रप्रभा गंगवार के नेतृत्व में गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने टोलियों के अनुसार गलियों की सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं को कौशल विकास के विविध कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।




Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव



डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


# पड़ोसियों के बीच लाठी-डंडे चले

**पूरनपुर, अमृत विचार:** गांव मोहनपुर जपती में मामूली कहासुनी के बाद हरद्वारी लाल और पड़ोस के ही ओमप्रकाश के परिवार में रविवार शाम मारपीट हो गई। गाली गलौज से शुरू हुए विवाद में कुछ ही देर में लाठी डंडे चल गए। दोनों पक्षों ने कोतवाली पहुंचकर एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाया। हरिद्वारी लाल ने छत पर चढ़कर उनके घर में तांकझांक करने का आरोप लगाया। जबकि ओमप्रकाश ने बेवजह झगड़ा करने का। कोतवाल प्रवीण कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# धर्मांतरण का कारण सनातन धर्म व संस्कृति के प्रति अनभिज्ञ होना

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को तरुणी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें नारी शक्ति को अपने हक व अधिकारों के लिए संगठित रहके प्रति जागृत किया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में आयोजित सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रुप में बरेली कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. वंदना शर्मा शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में आवश्यकता है कि हम अपने घरों से ही लड़का-लड़की के बीच का भेदभाव दूर करें। यही से महिला सशक्तिकरण प्रारंभ होता है। समाज को एक नई दिशा मिलती है। नारी शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है, जो एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकती है। बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना चौहान ने कहा कि वर्तमान में आवश्यकता है कि हमारी तरुण पीढ़ी यह समझे कि हम किस प्रकार से खुद की आजादी का उपयोग सनातन संस्कृति को जागृत रखते हुए करें कि समाज में सफलता की प्रेरणा बने।डॉ. सुषमा दौड़ियाल ने धर्मांतरण पर बोलते हुए कहा कि आज धर्मांतरण का मुख्य कारण हमारा सनातन धर्म व संस्कृति के प्रति अनभिज्ञ होना है। इस मौके पर डॉ.चंद्रप्रभा , शशि आर्य, ज्योति प्रभा, मिथिलेश गंगवार, कविता, आरती गुप्ता, सुनीता गंगवार, वर्षा गंगवार,शीतल, प्रियंका आदि रहीं।





तरुणी सम्मेलन में मंचासीन प्रोफेसर डॉ. वंदना शर्मा, अर्चना चौहान व अन्य।

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ तरुणी सम्मेलन

धर्म-कर्म | रामलीला मैदान पर चार दिवसीय संत समागम सत्संग शुरु

# गुरु की शरण और ज्ञान से ही संभव है मोक्ष की प्राप्ति



सत्संग सुनाते विष्णु हरि घट घट वासी।



बीसलपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** नगर के रामलीला मैदान में रविवार से संत समागम सत्संग की शुरुआत हुई। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु सत्संग सुनने पहुंचे और भजन कीर्तन किए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

पहले दिन आचार्य विष्णु हरि घट घट वासी ने श्री राम कथा सुनाने के दौरान कहा कि मोक्ष प्राप्ति सत्संग व गुरु की शरण और उनके द्वारा बताए सदमार्ग के ज्ञान पर ही संभव है। गुरु की शरण में जाने से ही इस माया मोह की वैतरणी को पार कर पाओगे। मोक्ष की प्राप्ति हो सकेगी। कहा कि सनातन धर्म को पहचानो और सारे मतभेद भुलाकर अपने सनातन का झंडा ऊंचा करो। व्यक्ति मनुष्य योनि को पाकर माया मोह के जंजाल में फंस जाता है। व्यक्ति जैसी धारणा के साथ प्रभु की तरफ देखता है, प्रभु भी उसकी भावना को पहचान कर उसे उसी भाव से देखते हैं। कहा कि माता की कोख से जन्म लेने के समय कुछ भी साथ नहीं लाये थे और अंत काल में भी कुछ भी साथ लेकर नहीं जाओगे। तो फिर यह माया मोह किस काम का। इसलिए गुरु की शरण में जाकर सद्ज्ञान को हासिल करो।इस मौके पर तेजपाल सिंह गंगवार, अमित गंगवार, मनोज गंगवार, राजवीर शर्मा, गजेंद्र पाल मौर्य, प्रेमराज राजपूत, राजेश सिंह, हुकुम सिंह, ओमकार श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, छत्रपाल मौर्य, श्याम मौर्य, राकेश कुमार राजपूत, परमेश्वरी दयाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर की जगह फार्मासिस्ट व स्टाफ नर्स कर रहे इलाज

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेलाः नगरीय स्वास्थ्य केंद्र के दो डॉक्टरों के त्यागपत्र देने से लड़खड़ाई स्वास्थ्य सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों का हाल बेहाल है। इससे रविवार को लोगों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के दावों पर पानी फिर रहा है। रविवार को शहर के नगरीय स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर विहीन रहे। ऐसे में मौसमी बीमारियों के मरीजों को फार्मासिस्ट से लेकर स्टाफ नर्स दवाएं देते रहे। इसके अलावा अन्य तरह के मरीज मायूस होकर लौटते रहे। शहर में चार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र हैं, जिसमें से तीन पर ही आरोग्य मेला लगता है। इनमें से दो स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने त्यागपत्र दे दिया है और एक अवकाश पर है।

रविवार के दिन भी लोगों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर नगरीय स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले शुरू किए। इनका उद्देश्य एक ही छत के नीचे मरीजों का अंग्रेजी और आयुर्वेदिक उपचार मुहैया कराना था। मगर, समय के साथ मेलों की स्वास्थ्य सेवाएं बेपटरी होती गई। आलम यह है कि जिला मुख्यालय में चार नगरीय स्वास्थ्य केंद्र है। इनमें से तीन पर ही आरोग्य मेला लगता है। रविवार को तीनों स्वास्थ्य केंद्रों से डॉक्टर नदारद मिले। ऐसे में नौरंगाबाद केंद्र पर स्टाफ नर्स अर्चना देवी, निर्मलनगर और गोटैयाबाग में फार्मासिस्ट रवि कुमार और प्रशांत कुमार मरीजों का परीक्षण कर दवाएं देते रहे।

### नगरीय स्वास्थ्य केंद्र- नौरंगाबाद




**सीन 1** स्वास्थ्य केंद्र पर स्टाफ नर्स अर्चना देवी मरीजों का इलाज करती मिली। दोपहर एक बजे तक बच्चों सहित 38 मरीज देखे गए। इसके अलावा तीन बच्चों के टीके लगाए गए। स्टाफ नर्स ने बताया कि डॉक्टर नवंबर में इस्तीफा दे चुकी हैं और फार्मासिस्ट वीरपाल अवकाश पर है। ऐसे में सर्दी जुकाम बुखार से लेकर दस्त आदि के मरीजों को तो दवाएं दे देते हैं। मगर, अन्य मरीजों को जिला अस्पताल भेज देते हैं। स्वास्थ्य केंद्र से आयुर्वेद चिकित्सक व फार्मासिस्ट गायब नदारद मिले।

### नगरीय स्वास्थ्य केंद्र- निर्मलनगर




**सीन 2** स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट रवि कुमार और स्टाफ नर्स ब्यूटी वर्मा मौजूद थे। दोपहर दो बजे तक 23 मरीजों को दवाएं देने के साथ दो बच्चों का वैक्सीनेशन किया गया। फार्मासिस्ट ने बताया डॉ. शुभम शुक्ला जनवरी में इस्तीफा दे चुके हैं। अस्पताल का स्टाफ आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. आकांक्षा के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दे सका। फार्मासिस्ट ने बताया मौसम बदल रहा है। ऐसे में सर्दी, जुकाम बुखार व दस्त आदि से पीड़ित मरीज ज्यादा आ रहे हैं।

- गोटैयाबाग के डॉक्टर छुट्टी पर होने से स्वास्थ्य केंद्र पर फार्मासिस्ट कर रहे इलाज

"गोटैयाबाग नगरीय स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर कर्मवीर अवकाश पर है, जबकि नौरंगाबाद की महिला चिकित्सक डॉ. कृतिका और निर्मलनगर के डॉ. शुभम शुक्ला रिजाइन कर चुके हैं। हालांकि इसके बाद मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने का प्रयास जारी है। फार्मासिस्ट से लेकर स्टाफ नर्स मरीजों को दवाएं दे रही हैं।

**-डॉ. अमितेश द्विवेदी,** डिप्टी सीएमओ एवं नोडल मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला

### 25 मरीजों का किया इलाज

भीरा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित आरोग्य मेले में 25 मरीजों का परीक्षण कर दवाएं दी गईं। पीएचसी प्रभारी उबेस अहमद खान ने बताया कि बदलते मौसम में सर्दी, जुकाम बुखार आदि के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। मरीजों को इन बीमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई के अलावा खान पान पर ध्यान देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस मौसम में पानी उबालकर पिएं। आयुर्वेदिक अस्पताल के फार्मासिस्ट सदावृक्ष पटेल, नेत्र परीक्षक शिवम पाल सिंह, एलटी दीपक शुक्ला, अमर सिंह, चीफ फार्मासिस्ट संकटा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### नगरीय स्वास्थ्य केंद्र- गोटैयाबाग




**सीन 3** नगरीय स्वास्थ्य केंद्र गोटैयाबाग में रविवार सुबह 11.45 बजे तक 38 मरीजों को दवाएं देकर दो बच्चों सहित तीन लोगों का टीकाकरण किया गया। फार्मासिस्ट प्रशांत कुमार ने बताया कि डॉक्टर अवकाश पर हैं और आयुर्वेद चिकित्सक रिटायर हो चुके है। इसके बावजूद जो भी मरीज आ रहे हैं उन सभी को दवाएं दी जा रही है। दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है।

## रजागंज बाजार परिसर में पांच दिवसीय धनुष यज्ञ मेला शुरू

**केशवापुर/रजागंज, अमृत विचारः** रजागंज के बाजार प्रांगण में शुरू हुए पांच दिवसीय प्राचीन धनुष यज्ञ मेले का आरंभ कथा व्यास लक्ष्मण पांडे महाराज द्वारा श्रीराम कथा की अमृत वर्षा और शिव विवाह के मंचन से किया गया। सोमवार शाम सांस्कृतिक मंच पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 105 वर्षों से लगातार संचालित धनुष यज्ञ मेले का आरंभ रविवार को हवन कर किया गया।

आयोजक बब्बू मेहरोत्रा, मनोज मेहरोत्रा ने बताया कि मेले में 26 फरवरी को पुष्प वाटिका, 27 को ताड़का वध, 28 को धनुष भंग और 29 फरवरी को श्रीराम सीता विवाह का मंचन किया जाएगा। उसी रात्रि सात बजे धूमधाम से श्रीराम बरात मेला प्रांगण से शाहबुद्दीनपुर स्थित शिव मंदिर तक निकाली जाएगी। करनपुर निवासी कवि गिरजा शंकर कश्यप कल्पन ने बताया कि सांस्कृतिक मंच पर सोमवार रात होने वाले कवि सम्मेलन में कई जगह की कवि भाग लेंगे।

## रोशन नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगा जन आरोग्य मेला

**रोशननगर, अमृत विचारः** शासन के आदेश पर रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगे जन आरोग्य मेला में 46 मरीजों का परीक्षण किया गया, उन्हें आवश्यकता के अनुसार अस्पताल से ही दवाइयां दी गईं।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोशननगर के डॉ. कमलेश नारायण ने बताया कि रविवार को जन आरोग्य मेले में जुकाम, बुखार, खांसी, चोट आदि के आसपास क्षेत्र के 46 मरीज आए। जिनका परीक्षण किया गया और जरूरत के मुताविक दवा देकर इलाज किया गया। बताया कि जन आरोग्य मेले में दो मरीज टीबी एवं मौसमी बीमारियों के मरीज शामिल रहे। फार्मासिस्ट दिनेश वर्मा, एएनएम मनोरमा देवी, स्टाफ नर्स प्रिया गुप्ता, शुचिता वर्मा, वार्ड व्याय संजय कुमार, सफाई कर्मी छुन्नालाल आदि स्टाफ मौजूद रहा। अस्पताल के फार्मासिस्ट दिनेश वर्मा ने बताया कि दवाएं उपलब्ध हैं, जो मरीज को दी जाती हैं। तीमारदार अनुराग शर्मा ने बताया कि दवा अस्पताल से प्राप्त हुई है।

# दुर्घटना या हत्याः पुलिस सुलझा रही गुत्थी

संवाददाता, निघासन

- सिर में गंभीर चोट और रीढ़ की हड्डी मिली टूटी
- झाड़ियों में मिले पृथ्वी पाल के शव का मामला

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला गोविंदनगर (मोहनलालपुरवा) निवासी पृथ्वी पाल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है। उसकी मौत चोटों के कारण हुई थी। उसकी रीढ़ की हड्डी टूटी थी और सिर में गहरी चोट थी। पुलिस हत्या और दुर्घटना के बीच उलझी हुई है। वह दोनों बिंदुओं पर अपनी जांच कर रही है।

गोविंदपुरी (मोहनलाल पुरवा) निवासी पृथ्वीपाल का शव सिंगाही मार्ग पर गांव सहतेपुरवा मोड़ के पास सड़क से कुछ दूर झाड़ियों में शुक्रवार को बरामद हुआ था। वह 19 फरवरी से गायब था। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 ए के तहत रिपोर्ट दर्ज कर शव पोस्टमार्टम को भेजा था। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ, जिसकी रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक पृथ्वीपाल की मौत पोस्टमार्टम होने से पांच दिन पहले हुई थी। उसकी रीढ़ की हड्डी टूटी मिली और ब्रेन हेमरेज भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आया है। इससे हादसा और हत्या के बीच उसकी गुत्थी उलझी हुई है। हालांकि पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस को हादसे में मौत होने की आशंका है। उसका मानना है कि हादसे के बाद पृथ्वीपाल के शव को फेंका गया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। हेड इंजरी के साथ रीढ़ की हड्डी भी टूटी है। बारीकी से दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं।

### नहीं मिले मसाले के थैले साइकिल, मोबाइल व नगदी

मृतक पृथ्वीपाल के पुत्र वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सिंगाही से वापस आते वक्त ही कोई अनहोनी हुई है। घर से पिता जूता पहनकर निकले थे, लेकिन मृत अवस्था में उनके पैरों में लाल चप्पलें थीं। साइकिल, मोबाइल, नगदी के अलावा दो मसाले के थैले भी नहीं मिले। हत्या होने के बाद इस सामान को भी गायब कर दिया गया। साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई है। पिता की कभी किसी से अनबन नहीं हुई। ऐसे हादसे से परिवार विचलित है।

# आरोग्य मेले से गायब स्वास्थ्य कर्मियों का सीएमओ ने रोका वेतन




स्वास्थ्य केंद्र पर रजिस्टर चेक करते सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता। • अमृत विचार

**लखीमपुर-खीरी, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्लॉक गोला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदराबाद एवं परेली का औचक निरीक्षण किया।

मौजूद स्टाफ से मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी लेकर दवाओं की उपलब्धता देखी। निरीक्षण के समय अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज पहुंचे। वहां डॉ. देवेंद्र यादव से इमरजेंसी सेवाओं की जानकारी लेकर उपस्थित पंजिका देखी। इसमें अनुपस्थित मिलने वाले कर्मियों वेतन रोककर स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए।

# निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आज निकाली जाएगी पहली लॉटरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 954 बच्चों ने किया शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन

**अमृत विचारः** शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिलाने के लिए पहले चरण की आवेदन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। छात्रों को प्रवेश दिलाने के लिए आज यानी सोमवार को पहली लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद एक मार्च से दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।

पहले चरण में निजी स्कूलों की आरक्षित 25 प्रतिशत सीट के लिए 954 बच्चों ने आवेदन किए है। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं। इन पर प्रवेश के लिए 20 जनवरी से 18 फरवरी तक आवेदन मांगे गए थे। इन आवेदन के तहत छात्रों को निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश दिलाने के लिए बीईओ स्तर से सत्यापन कराया जा चुका है। इनमें से कुछ आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त भी हुए हैं। अंतिम जांच के बाद जो आवेदन सही मिले हैं उनके लिए आज लॉटरी निकाली जाएगी।

- आरटीई के तहत आए कुल आवेदन-954
- जिले में योजना के तहत चयनित स्कूल-772
- चयनित स्कूलों में निर्धारित सीटें- 5759

"आरटीई के तहत जो आवेदन आए हैं। उनकी पहली लाटरी सोमवार को निकाली जाएगी। इसमें चयनित बच्चों का प्रवेश निजी स्कूलों में कराया जाएगा।

**-प्रवीण कुमार तिवारी,** बीएसए

### गरीब बच्चों को निजी स्कूलों में मिलती है निःशुल्क शिक्षा

आरटीई के तहत एक लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों के बच्चों को निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश दिलाया जाता है। योजना के तहत चयनित बच्चों को निजी स्कूलों में फीस नहीं देनी पड़ती। प्राप्त आवेदनों की लॉटरी सिस्टम से 26 फरवरी को बच्चों का चयन कर प्रवेश दिलाया जाएगा

## संत निरंकारी मंडल के सदस्यों ने लिलौटी मंदिर में की सफाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** संत निरंकारी मंडल की ओर से रविवार को लिलौटी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंडल की महिलाओं और पुरुषों ने मंदिर परिसर की साफ सफाई, धुलाई करने के साथ मंदिर के घंटों और मूर्तियों के अलावा सरोवर की साफ-सफाई की। इस दौरान मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे मोहम्मदी के विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने सफाई में लगी मंडल की महिलाओं और पुरुषों की सराहना करते हुए प्रशंसा की। संत निरंकारी मंडल की ओर से चलाए गए स्वच्छता कार्यक्रम में मंडल प्रमुख प्रवेश साहनी, संतोष वर्मा, कुलदीप गौतम, गुरु प्रसाद, निशा साहनी, गीता भारती, श्यामा गुप्ता, सुरेंद्र कौर आदि मौजूद रहीं।

## नगर पालिकाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू। • अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 110वें मन की बात संस्करण को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अपने प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ नगर के शक्ति केंद्र त्रिलोक गिरि के बूथ संख्या 192 पर बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखों के साथ सुनी। मन की बात का कार्यक्रम सुनने के बाद बूथ कमेटी की बैठक कर कार्यकर्ताओं को लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी जानकारियां दीं।

शक्ति केंद्र संयोजक शिवम गुप्ता गुरुजी, बूथ अध्यक्ष हरिश्चंद्र गुप्ता, गोविंद कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमोद कुमार गुप्ता, विशाल गुप्ता, अनिल मिश्रा, लिटिल रस्तोगी, पवन गुप्ता, अश्विनी रस्तोगी, प्रिंस गुप्ता, विशाल गुप्ता, मोनू रस्तोगी, मोनू शर्मा, लालमणि शर्मा, कृष्णा आदि मौजूद रहे।

# बीज की दुकान पर किसानों का धरना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



गोला में दुकान के पास शाम को धरने पर बैठे किसान। • अमृत विचार

- बोरी में दूसरी प्रजाति का धान निकलने से रोष

**अमृत विचारः** नगर की मिल रोड पर एक बीज की दुकान पर धान की प्रजाति बदलकर बोरियों में दूसरा नाम लगाकर किसानों को दिए जाने से नाराज किसान रविवार शाम धरना देकर सड़क पर ही बैठ गए।

नगर की मिल रोड पर एक बीज विक्रेता से किसानों ने उत्तम प्रजाति का गोविदा धान खरीदा था, जबकि दुकानदार ने उन्हें पीआर-126 धान को गोविंदा का लेवल लगाकर दे दिया। जानकारी होने पर किसान गुस्से में आ गए। दुकानदार हेराफेरी को लेकर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने अपने कई साथियों के साथ बीज की दुकान पर पहुंचकर विरोध जताया। किसानों ने दुकान के पास ही धरना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि दुकान का लाइसेंस रद कर कार्रवाई की जाए। किसान नेता श्री जोशन ने कहा कि किसानों को जो बीज दिया जा रहा था, उसे 60 दिनों में वह फसल कट जानी चाहिए, लेकिन समय पर साठा धान पककर तैयार नहीं हुआ। किसानों का कहना है कि काफी समय से इस दुकान पर किसानों को गुमराह करके अवैध रूप से पैसा कमाया जा रहा है। जिलाध्यक्ष का कहना है कि उन्होंने शाम को धरना दिये जाने की सूचना एसडीएम और तहसीलदार को भेज दी है, जब तक अधिकारी इस बीज भंडार को सीज करके उसके संचालक पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती तब तक किसान धरने से नहीं हटेंगे। धरने पर सरदार गुरुमुख सिंह, बाबूराम, पप्पू गौतम, महेंद्र वर्मा, सरदार गुरुचरण सिंह, हरमनदीप सिंह, गुरु साहब सिंह आदि बैठे हैं।

## हैदराबाद थाना को गोला सर्किल से जोड़ने का आदेश आया

संवाददाता, ममरी

- 11 साल बाद विधायक की मेहनत लाई रंग, ग्रामीणों में खुशी

**अमृत विचारः** 11 साल बाद पुनः हैदराबाद थाना को गोला सर्किल से जोड़े जाने का आदेश आने पर ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों, पुलिस कर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गई। अब उन्हें थाना से संबंधित कामकाज के लिए 35 से 40 किमी दूर मोहम्मदी नहीं जाना पड़ेगा और उनकी समस्याओं का समाधान गोला से ही हो जाएगा।

अधिकारियों ने वर्ष 2014 में हैदराबाद थाना को सीओ सर्किल गोला से हटा सीओ सर्किल मोहम्मदी से संबद्ध कर दिया था। तभी से हैदराबाद थाना क्षेत्र में आने वाली 57 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, 300 गांवों के फरियादियों को 35 से 40 किलोमीटर दूरी तय करके मोहम्मदी जाना पड़ता था। ग्राम प्रधानों और क्षेत्र वासियों के अनुरोध पर गोला विधायक अमन अरविंद गिरि ने नौ जनवरी 2024 को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र भेजकर हैदराबाद थाना को पुनः सीओ सर्किल गोला से जोड़ने का आग्रह किया था। पत्र को संज्ञान में लेते हुए डीजीपी और एडीजीपी नीरा रावत ने पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ मंडल और पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी गणेश प्रसाद शाहा को दो फरवरी 2024 को पत्र भेजकर हैदराबाद थाना को मोहम्मदी सर्कल से हटाकर सीओ सर्किल गोला से जोड़ने का आदेश दिया है। एएसपी पश्चिमी नैपाल सिंह ने बताया कि आदेश मिलने के बाद थाना हैदराबाद सीओ सर्किल गोला से जोड़ा गया है।

## नेपाली सिगरेट और दो लाख की भारतीय करेंसी बरामद, एक गिरफ्तार



गौरीफंटा बॉर्डर पर पकड़ा गया पलिया निवासी एक तस्कर। • अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

- गौरीफंटा सीमा पर एसएसबी ने पकड़ा पलिया निवासी युवक

**अमृत विचारः** एसएसबी ने नेपाल से दो लाख की भारतीय करेंसी और नेपाली सिगरेट लेकर आ रहे एक युवक को गौरीफंटा सीमा पर पकड़ लिया और नगदी व सामान सीज कर कस्टम कार्यालय को सौंपा है।

वनगवां मंडी में चाय आदि का छोटा-मोटा व्यापार करने वाला पलिया निवासी अचल सक्सेना धनगढ़ी (नेपाल) से वनगवां आ रहा था, जिसे गौरीफंटा सीमा पर तैनात एसएसबी के उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने शक होने पर रोक लिया और उसकी तलाशी ली, तो उसके पास दो लाख रुपये भारतीय मुद्रा और 100 पैकेट नेपाल में बनी खुखरी सिगरेट बरामद हुई। भारतीय मुद्रा के 500 रुपये वाले नोट नेपाल में पूरी तरह से प्रतिबंधित हैं। एसएसबी जवानों ने जब उससे पूछताछ की तो वह कोई जवाब नहीं दे सका। एसएसबी ने उसे हिरासत में ले लिया और बाद में बरामद सामान और रुपये का सीजर बनाकर पलिया कस्टम को सौंप दिया।

## मौसम के फिर बदले तेवर, किसानों की बढ़ी चिंता

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मौसम ने दो दिन ठीक रहने के बाद रविवार दोपहर से पुनः अंगड़ाई लेना शुरू कर दिया है। दो दिन अच्छी धूप निकलने के बाद रविवार दोपहर तक मौसम साफ बना रहा, लेकिन दोपहर बाद उसने अपने तेवर तल्ख करना शुरू कर दिए।

शाम पांच बजते ही आकाश बादलों से भर गया और वातावरण नम हो गया। इससे चल रही हवाओं में ठंडक आ गई। लाही आदि की तैयार खड़ी फसल वाले किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पलिया निवासी किसान राजेंद्र कुमार गुप्ता, फरसहिया निवासी जमुना प्रसाद, बड़ा गांव निवासी प्रेम प्रकाश मौर्य, गदनियां निवासी कुलविंदर सिंह आदि ने बताया कि ऐसे में ओले गिरने का भय बना रहता है। जिससे शेष बची लाही की फसल सहित तैयार हो रही गेहूं, जौ, अलसी, मसूर आदि की फसल भी चौपट होने का डर रहता है।

**अव्यवस्था** पेपर दे चुके युवा मायूस, दोबारा खर्च करना होगा धन और समय, करना पड़ेगा कठिन परिश्रम

# पुलिस भर्ती परीक्षा शासन ने निरस्त कर खुशियों पर फेरा पानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर/गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** शासन ने 17 व 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है। इससे पेपर दे चुके युवा मायूस हैं। युवाओं का कहना है इस बार पेपर काफी अच्छा आया था। इस बार पूरा यकीन था परीक्षा पास कर लेंगे, लेकिन शासन ने इसे निरस्त कर खुशियों पर पानी फेर दिया। अब फिर से इसी परीक्षा की तैयारी करनी होगी, जिससे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित होगी।

कई साल से पुलिस में भर्ती होने का सपना देखकर तैयारी में लगे युवाओं के मंसूबों पर सॉल्वरों ने पानी फेर दिया है। परीक्षा में शामिल होने वाले युवक-युवतियां पेपर निरस्त होने से मायूस हैं। इसकी बड़ी वजह पेपर का आसान होना है। युवाओं का कहना है कि शासन ने परीक्षा निरस्त कर छह माह में फिर से कराने का आश्वासन दिया है। इसके लिए अब फिर पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी करनी होगी। इससे अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित होगी। युवाओं का कहना है कि तमाम दावों के बावजूद पेपर का लीक होना या फिर सॉल्वरों के शामिल होने से शासन की निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। युवाओं का कहना है कि सरकार कई परीक्षाओं को निरस्त कर चुकी है। इससे बेरोजगार युवाओं का मानसिक शोषण होता है। आवेदन करने से लेकर परीक्षा देने जाने में करीब दो हजार रुपये तक खर्च हो जाते हैं। अब फिर से परीक्षा देने के लिए पुरानी प्रक्रिया दोहरानी होगी।

### पुलिस भर्ती परीक्षा

- जिले में बने परीक्षा केंद्र-35
- परीक्षा की तारीख- 17 व 18 फरवरी
- पंजीकृत अभ्यर्थी-33696
- शामिल हुए-28805
- गैर हाजिर रहे-4891

### युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने लगाया आरोप



युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम अग्निहोत्री का कहना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती प्रक्रिया में जिस तरह से पर्चा लीक होने से भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, उससे प्रदेश के 60 लाख बेरोजगार युवाओं के मुंह पर इस सरकार ने करारा तमाचा मारा है। सरकार ने इस प्रक्रिया में लगभग ढाई अरब रुपये का गबन किया है। बेरोजगारी और मंहगाई की मार देश को आंतरिक रूप में भुखमरी की ओर ले जा रही है। सात वर्षों में जितनी भी सरकारी परीक्षाएं हुईं सभी में पर्चे लीक हुए हैं। स्पष्ट है कि डबल इंजन की सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।



फरधान निवासी अभिषेक कुमार ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में 118 प्रश्न बिलकुल सही हुए थे। पेपर सरल आया था। परीक्षा निरस्त होने से काफी मायूस हूं। हालांकि अगामी परीक्षा कब और कैसी होगी उसके लिए भी तैयारी जारी है, जिसमें धन और समय के अपव्यय की चिंता सता रही है।



लखनऊ में रहकर अग्निवीर की तैयारी कर रहे विशेष दीक्षित ने बताया कि 18 फरवरी को प्रथम पाली में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी। पेपर के सरल होने के चलते इस बार पास होने की पूरी उम्मीद थी। परीक्षाओं में सुचिता होनी चाहिए। परीक्षा निरस्त होना हमारे लिए अच्छी बात नहीं है।



कानपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही अदिति ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर बहुत अच्छा हुआ था। पिछले चार-पांच महीनों से दिन-रात एक कर तैयारी में जुटी थी। अब पेपर कब होगा, कैसा होगा, कुछ पता नहीं है। परीक्षा निरस्त होने से निराश हूं।



खानपुर निवासी विकास वर्मा ने बताया कि एक तो सरकार भर्तियां देर से निकालती हैं। अक्सर पेपर निरस्त कर दिए जाते हैं। कई साल से पुलिस भर्ती के आवेदन निकलने की राह दे रहे थे। पेपर काफी अच्छा हुआ, लेकिन परीक्षा निरस्त होने से सारी मेहनत पर पानी फिर गया।



शहपुरा कोठी की रहने वाली तमन्ना खान ने बताया कि लगभग दो साल से पुलिस में भर्ती होने का सपना देखकर तन मन से तैयारी कर रही थी। परीक्षा में पेपर भी अच्छा हुआ था, लेकिन परीक्षा निरस्त होने से सारी मेहनत पर पानी फिर गया। अब फिर से परीक्षा की और अच्छी तैयारी करेंगे।



आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223


# कार्रवाई के आश्वासन पर माने परिजन, किया अंतिम संस्कार

## कई थानों की मौजूद रही पुलिस, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजाराम की मौत का कारण हार्ट फेल होना बताया

संवाददाता पसगवां

**अमृत विचारः** गांव चोरहा खुर्रमनगर में मृतक राजाराम का अंतिम संस्कार कराने में पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पोस्टमार्टम के बाद शव रविवार शाम करीब चार बजे गांव पहुंचा तो घर वालों ने कार्रवाई न होने तक अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मामले की स्थित को देखते हुए गांव में मितौली, नीमगांव, उचौलिया सहित हैदराबाद थाने की पुलिस फोर्स पहुंच गई।

थानाध्यक्ष पसगवां ने मृतक के पुत्र से तहरीर लेकर जब कार्रवाई का आश्वासन दिया तब घर वालों ने शव का अंतिम संस्कार किया। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में राजाराम की मौत का कारण हार्ट फेल होना बताया गया है।

चोरहा खुर्रमनगर गांव में शनिवार सुबह करीब 11 बजे किसान राजाराम का शव उन्हीं के गन्ने के खेत में मिलने से खलबली मच गई। बताते हैं कि उनका पड़ोसी खेत के बटाईदार सेवाराम से गन्ना भरी बुग्गी को खेत से निकालने को लेकर विवाद हुआ। इस पर मृतक के घर वाले गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। जबकि पुलिस शरीर पर चोट आदि के निशान न होने के कारण मौत को संदिग्ध मान रही थी।



थानाध्यक्ष को तहरीर देते परिजन। ● अमृत विचार



परिवार वालों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। पोस्टमार्टम के बाद रविवार शाम शव गांव पहुंचते ही घर वालों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इससे पुलिस प्रशासन में खलबली मच गई। हालांकि थाना पुलिस घर वालों को समझाने का प्रयास करती रही, लेकिन घरवाले अपनी जिद पर अड़े रहे। मामला बिगड़ते देखकर आस पास के कई थानों की पुलिस पहुंचने से गांव छावनी में तब्दील हो गया।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक आया है। इसलिए सामान्य मौत है। परिवार की ओर से तहरीर मिली है। गहनता पूर्वक जांच करने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।
> –दीपक राठौर, थानाध्यक्ष पसगवां

बताते हैं कि पोस्टमार्टम में मौत का कारण हार्ट का फेल होना आया है। पसगवां थाना प्रभारी दीपक राठौर द्वारा मृतक के पुत्र संजय से तहरीर लेने के बाद ही घर वालों ने शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक के पुत्र संजय ने तहरीर में अपने छह वर्षीय पुत्र अमन को चश्मदीद गवाह होने का हवाला तहरीर में दिया है।



रोते-बिलखते मृतक के परिवार के लोग ● अमृत विचार

## किसान गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने दी गन्ना बुआई की जानकारी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम कुकरा बांकेगंज में बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला द्वारा हुई कृषक गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने गन्ना बुवाई की जानकारी दी है। कुकरा में पूर्व प्रधान जावेद अली की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में गन्ना महाप्रबंधक पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि बसंत कालीन गन्ना बुवाई में को 0118, कोलख 14201, को 98014-15023 प्रजातिया भूमि शोधन के लिए टाईकोडरमा बीज शोधन के लिए थायोफिनेट मिथाइल दो आंख बीज का टुकड़ा ट्रेंच विधि द्वारा बुवाई गन्ना प्रजाति सीओ-0118, सीओ 15023, को लख14201 एव जलभराव हेतु सीओ 98014 की बुवाई करें। किसान गोष्ठी में महेंद्र साहनी, तरसेम सिंह, मनजीत सिंह, अवतार सिंह, मुजीबुर्रहमान, जगजीत सिंह, गेंदनलाल, जुबेर अहमद, मनदीप सिंह, आरिफ खान, प्रमोद कुमार, चरणजीत सिंह, इंद्रजीत सिंह, शाहजहांपुर गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक डॉ पीके कपिल, जमुनाबाद शोध केंद्र के डॉ सरनाम सिंह आदि मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र को चाकू मारकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **दोनों घायल जिला अस्पताल में भर्ती, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल के मोहल्ला एकता नगर में पांच हमलावरों ने पिता-पुत्र की पिटाई कर ईंट-पत्थर फेंके। बाद में चाकू मारकर दोनों को घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला एकता नगर निवासी अमित शाह ने बताया कि शनिवार की रात करीब नौ बजे अपनी दुकान बंद कर रहा था। तभी उन्होंने अपने छोटे भाई अमन से कहा कि हमारी दुकान बंद कराओ। दुकान के पास खड़े पिंदर ने समझा कि उसने (अमित शाह) ने उसे गाली दी है। इस पर पिंदर भड़क गया और गाली देते हुए ईंट-पत्थर फेंकने लगे। इस पर विवाद और बढ़ गया। तभी पिंदर के चाचा मनोज आ गए और धारदार चाकू से हमला कर दिया। चाकू हाथ में लगने से वह घायल हो गया। इस बीच शोर शराबा सुनकर पिता झब्बू शाह मौके पर आ गए और बीच बचाव करने लगे तो उन पर भी चाकू से वार कर दिया। दाहिने हाथ में चाकू लगने से उसके पिता भी घायल हो गए। आरोप है कि पिंदर, मनोज, भडौरी, आकाश, छोटे भइया ने लाठी-डंडों से मारपीट की। थाना खीरी पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## जुआ खेल रहे आठ लोग गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया खुर्द बाग के निकट पुलिस ने छापा मारकर जुआ खेल रहे आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 22 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। एसआई जयनारायण यादव को सूचना मिली कि कुछ लोग पलिया खुर्द बाग के पास खुलेआम जुआ खेल रहे हैं। इस पर उन्होंने घेराबंदी कर छापा मारा और जुआ खेल रहे पंकज निवासी गदनियां, सनी निवासी इंदिरा नगर पलिया, मोहम्मद रजा निवासी अतरिया, विपिन व अनीश निवासी छोटी पलिया, सुमित निवासी बड़ागांव, शारदा प्रसाद निवासी दौलतापुर व नितेश निवासी बसंतापुर को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से 22 हजार रुपये की नगदी और ताश के पत्ते भी बरामद किए हैं। एसआई ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक आज से हटेगा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **सात मीटर की बजाय 10 मीटर चौड़ा होगा यह मार्ग**

- एलआरपी से इंदिरा मनोरंजन पार्क की दूरी- करीब 10 किलोमीटर
- वर्तमान सड़क की चौड़ाई- सात मीटर
- प्रस्तावित चौड़ाई- दस मीटर
- चिन्हित अतिक्रमणकारी- करीब 100

**अमृत विचारः** एलआरपी चौराहा से इंदिरा मनोरंजन पार्क तक सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी। इसके लिए सड़क के दोनों तरफ से स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग तहसील प्रशासन के नेतृत्व में सोमवार से इसकी शुरुआत करेगा।

इंदिरा मनोरंजन पार्क से एलआरपी चौराहे की दूरी करीब 10 किलोमीटर है, जिसकी चौड़ाई सात मीटर है। अब पार्क तक सड़क की चौड़ाई 10 मीटर की जाएगी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने धनराशि भी जारी कर दी गई है। सड़क के दोनों तरफ स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण के साथ बिजली के खंभे होने के कारण अब तक सड़क के चौड़ीकरण का कार्य शुरू नहीं हो सका था। हालांकि पीडब्ल्यूडी की ओर से स्थाई अतिक्रमणकारियों को नोटिस तक जारी की जा चुकी है। इसके बावजूद अभी तक किसी ने भी अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू नहीं की।

इस पर विभागीय अधिकारियों ने सोमवार से स्वयं अतिक्रमण हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता कौशल कुमार झा ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में अतिक्रमण आड़े आ रहा है। इसके लिए भवन स्वामियों को नोटिस जारी करने से लेकर मुनादी तक कराई जा चुकी है। बावजूद इसके लोगों ने अतिक्रमण हटाने की शुरुआत नहीं की है। इसलिए सड़क के चौड़ीकरण को लेकर सोमवार से तहसील प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# छह लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई**

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शहर से सटे गांव घोसियाना निवासी छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव घोसियाना निवासी शकीला बानो ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 29 दिसंबर 2022 की सुबह करीब 9 बजे उसके गांव के इरफान उर्फ मुल्ले, अमजद, रोजी, उज्जला, गांव सुआगाड़ा निवासी कंधई और शबनम उर्फ फजाना उसके घर के सामने पानी बंद कर रहे थे, जिससे नाली का पानी उसके के घर के सामने सड़क पर बहने लगा। इससे घर से निकलना मुश्किल हो गया था।

उसने जब नाली बंद करने से मना किया तो आरोपी बांका व लाठी लेकर आ गए और गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। पुत्र आदिल बचाने लगा तो उसके सिर पर बांका मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं और गिरकर बेहोश हो गया। गांव के तमाम लोग मौके पर आ गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वह घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली सदर गई, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। डीएम और एसपी ने भी कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रकरण की जांच एसआई दिनेश कुमार शुक्ला को सौंपी गई है।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly


## क्रिकेट टूर्नामेंट में दहेलिया व बरवर की टीम रही विजेता

**पसगवां, अमृत विचार :** अमर शहीद क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच दहेलिया एवं उचौलिया के बीच और दूसरा मैच जसमढ़ी एवं बरवर के बीच खेला गया। पहले मैच में टॉस जीतकर दहेलिया की टीम ने पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी दहेलिया की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में शाद मियां के 47 व अब्बास के 26 रनों की बदौलत 113 रन का स्कोर खड़ा किया। उचौलिया टीम के गेंदबाज आरिफ ने तीन और प्रदीप ने दो विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी उचौलिया की टीम 107 रन पर ही ऑलआउट हो गई। उचौलिया टीम के परवेज ने सर्वाधिक 57 रन बनाए। दहेलिया टीम के गेंदबाज संदीप ने पांच विकेट लिए। संदीप को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच बरवर और जसमढ़ी की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीत कर बरवर की टीम ने पहले बालिंग करने का निर्णय लिय। जसमढ़ी की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में सोहेल के 26 रन की मदद से 74 रन बनाए। बरवर टीम के अजीत ने तीन विकेट लिए। इसके जवाब में बरवर की टीम ने महज छह ओवर में दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। बरवर टीम के अजीत के 47 रन की बदौलत आठ विकेट से मैच जीता। अजीत को आलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में सोनू मिश्रा व आशीष शर्मा अंपायर रहे।

## सार-संक्षेप

### शैक्षिक भ्रमण में बच्चों ने हासिल की तमाम जानकारियां

**गोला गोकर्णनाथ।** आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर से 75 बच्चों के एक दल को शैक्षिक भ्रमण को नानकमत्ता भेजा गया। जहां बच्चों ने पहुंचकर तमाम जानकारियां हासिल कीं। मोहल्ला लक्ष्मीनगर कॉलोनी स्थित आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर से बच्चों के 75 बच्चों का एक दल को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चों ने नानकमत्ता स्थान पर जाकर दर्शन किए और माधौटांडा में गोमती नदी पर भव्य मंदिरों का दर्शन कर बच्चों को तमाम जानकारियां दी गईं। बच्चों ने स्विमिंग पूल तथा नानक देव मंदिर में दर्शन किए। प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही 19 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी नानकमत्ता में दर्शन किए। भ्रमण के दौरान प्रधानाचार्य राजेश कश्यप, लक्ष्मी देवी, काजल वर्मा, सोहनी गुप्ता, लक्ष्मी शर्मा, सौम्या वर्मा, उपासना सिंह, श्वेता वर्मा, मोहिनी देवी, मेहनाज बानो, अंशिका कश्यप, पिंकी देवी, सुमित यादव, रामनरेश वर्मा, योगेश कश्यप आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### चोरी की छह बाइकें बरामद, चार आरोपी गिरफ्तार

**भानपुर।** थाना भीरा पुलिस ने अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की छह बाइकेंबरामद की हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों का चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि वह रविवार की सुबह एसआई संदीप यादव आदि के साथ गोंदिया-बेवहां मार्ग पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच जंगल के निकट दो बाइकों पर सवार होकर चार युवक आते दिखाई दिए। पुलिस को देखकर आरोपियों ने बाइकों को मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेर कर वैबहा निवासी संजय मौर्य, डुंडवा निवासी शिवम मौर्य, अवनीश कुमार व आदित्य कनौजिया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल में झाड़ियों में छुपाकर रखी गईं चार अन्य बाइकें भी बरामद की हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी शातिर वाहन चोर हैं। बाइक चोरी करने के बाद नेपाल ले जाकर बिक्री कर देते हैं। आरोपियों ने जिले के अलावा सीतापुर, पीलीभीत, बहराइच आदि जगहों से बाइकें चोरी करने की बात स्वीकारी है।

### अयोध्या हॉस्टल की टीम ने लखनऊ हॉस्टल को हराया



**मोहम्मदी।** प्रधानमंत्री खेलो इंडिया के तहत गांव राजापुर बेनी में स्व, रोहन सिंह ऑल इंडिया वालीबॉल टूर्नामेंट हुआ। दो दिवसीय डे एंड नाइट मैच का समापन रविवार को हुआ। इसमें अयोध्या हॉस्टल की टीम ने लखनऊ हॉस्टल को हराकर बेस्ट ऑफ फाइव के अंतर्गत लगातार तीन सेट जीतकर कप पर कब्जा जमाया। वालीबॉल टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच लखनऊ और अयोध्या हॉस्टल के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने अयोध्या हॉस्टल की टीम के कप्तान को 51 हजार रुपये नगद, कप एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। रनर रही लखनऊ हॉस्टल की टीम को 31 हजार रुपये नगद व कप देकर सम्मानित किया। वहीं टूर्नामेंट में तीसरी विजेता आजमगढ़ हॉस्टल की टीम को 11 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने वॉलीबॉल कमेटी को एक लाख की धनराशि दी। उन्होंने कहा अगले साल इससे बेहतर वालीबॉल टूर्नामेंट करने के लिए कमेटी प्रयास करे। आयोजक वैभव प्रताप सिंह को बेहतर टूर्नामेंट कराने के लिए खेल प्रेमियों ने शाल देकर सम्मानित किया। कमेटी अध्यक्ष ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, प्रभुजी सिंह, मोहम्मदी कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सिंह, प्रभारी निरीक्षक पसगवां दीपक राठौर, पूर्व बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, देवेश सिंह, सुशील त्रिवेदी, आशीष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### आरएसएस ने शिविर में विद्यार्थियों को दिया शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण

**गोला गोकर्णनाथ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर के विद्यालय में शिविर लगाकर बाल स्वयंसेवकों का शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया है। बांकेगंज रोड स्थित जीडी गोयनका में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला संघ चालक अमित भसीन ने बाल स्वयंसेवकों को बौद्धिक मार्गदर्शन दिया। स्वयंसेवकों ने संघ स्थान पर शाखा लगाकर शारीरिक कार्यक्रमों के साथ जलेबी कूद, सेब डूब आदि खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। समापन सत्र में नगर प्रचारक सर्वेंद्र द्वारा बालकों को अपने समय का अनुशासित उपयोग करने के लिए उचित दिनचर्या का निर्माण कर मोबाइल, गलत शब्दों, विभिन्न नशीले पदार्थों के प्रयोग से बचने और सावधान रहने के लिए सचेत किया। शिविर में नगर संघचालक विजय, नगर सह संघ चालक कौशल किशोर मिश्र, नगर कार्यवाह महेन्द्र पाठक, सहनगर कार्यवाह शशिकान्त दीक्षित, नगर बौद्धिक प्रमुख विवेक सिंह, नगर सम्पर्क प्रमुख सौरभ दीक्षित, नगर सेवा प्रमुख अवधेश गुप्ता, नगर शारीरिक प्रमुख रिशु, नगर सायं कार्यवाह विनीत, शिवाकान्त, अक्षत, आदेश दीक्षित, राम कुमार सिंह, दीपक गर्ग, अश्वनी शर्मा, सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।

# उल्टियां होने के बाद महिला की संदिग्ध हालात में मौत

## परिजनों ने गांव के युवक पर लगाया जहर देकर हत्या का आरोप

**संवाददाता, मूड़ा सवारान**

**अमृत विचारः** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मलूकापुर में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। परिजनों ने गांव निवासी एक युवक पर जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है।

भीरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बेलवा मलूकापुर निवासी जगदीश प्रसाद की पत्नी रामबेटी (45) शनिवार की रात अचानक उल्टियां होने से बीमार हो गई। जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजनों का आरोप है कि दो महीना पूर्व गांव निवासी रविंदर ने रामबेटी की जमीन का बैनामा अपने नाम करा लिया था और बहला फुसलाकर मकान भी आधा बिक्री करवाकर रीपर मशीन खरीदी। जिसका सौदा बीते दिवस कर दिया


मलूकापुर में मृतका के घर पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण। ● अमृत विचार

और रुपये नहीं दिए। जब वह रुपये मांगती थी तभी लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाता था। परिवार वालों का कहना है कि शनिवार शाम इस व्यक्ति ने ही उसे किसी चीज में जहर दे दिया है, जिससे उसकी रात में मृत्यु हो गई है। मृतका के भाई सालिकराम ने बताया कि करीब 20 वर्ष पूर्व बहन की शादी हुई थी। उनके कोई संतान नहीं है। सारी जमीन गांव के लोगों ने बिक्री करवा दी। बहन के नाम करीब चार बीघा जमीन थी जो मृतका के ससुर ने उसके नाम करवाई थी। बैंक खाते में विगत छह वर्षों से कोई जमा निकासी नहीं की गई है।

> मृतका के भाई सालिकराम ने पोस्टमार्टम कराने हेतु तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **-बृजेश कुमार मौर्य,** कोतवाली प्रभारी भीरा।

# किसानों को सम्मान दिलाएगी इंडिया गठबंधन की सरकार


पीडीए पदयात्रा में सपा लोकसभा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के साथ पदयात्रा में शामिल कार्यकर्ता।

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।**

- **पीडीए पद यात्रा में बोले धौरहरा से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया**

**अमृत विचार :** समाजवादी की पीडीए पदयात्रा रविवार को कस्ता विधानसभा क्षेत्र के गांव ककरहा स्थित छात्र सभा के जिलाध्यक्ष के आवास से शुरू हुई। इस मौके पर धौरहरा लोकसभा से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों को सम्मान दिलाएगी।

सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के नेतृत्व में 12वें दिन की पीडीए पदयात्रा का ककरहा गांव में जोरदार स्वागत हुआ। ग्रामीणों ने आनंद भदौरिया सहित यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत फूलों की वर्षा कर किया। सपा प्रत्याशी ने कहा कि नौजवान अपनी डिग्री जलाकर आत्महत्या कर रहा है, कोई ऐसी भर्ती परीक्षा नहीं होती, जिसमें पेपर लीक न होता हो। यह सरकार जानबूझकर करती है, क्योंकि वह रोजगार नहीं देना चाहती। किसान सरकार के खिलाफ है। आने वाले समय में भाजपा हटेगी और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, जो किसानों को उनका सम्मान दिलाने का काम करेगी। पदयात्रा में जिलाध्यक्ष रामपाल यादव, पूर्व विधायक सुनील लाला, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, क्रांति कुमार सिंह, नरेश यादव, प्रवीण यादव, यश मोहन पटेल, उमेश गिरि, रघुवीर सिंह यादव, हरजीत सिंह, सुरेंद्र कुमार, विनय मिश्रा, महिला सभा अध्यक्ष प्रख्याति खरे, आरती जनवार, उमा पांडे, अनीता यादव, जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा, ककरहा प्रधान अजय पाल यादव, मुनीम यादव, राम प्रकाश यादव, सरदार मुख्तार सिंह एवं मंजू राज यादव सहित सैकड़ों लोग यात्रा में शामिल हुए।

## सार-संक्षेप

### धर्मेश्वरनाथ मंदिर पर कलश यात्रा के साथ यज्ञ शुरू



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बाबा धर्मेश्वरनाथ मंदिर के पंचम वार्षिकोत्सव का आरंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ। श्रद्धालु महिलाओं ने देवकली तीर्थ से जल भरकर मंदिरों की परिक्रमा कर कलश स्थापित किया। लखीमपुर रोड निकट नानक चौकी, लक्ष्मीनगर स्थित धर्मेश्वरनाथ मंदिर का पंच दिवयीय यज्ञ के संरक्षक सत्येंद्र प्रकाश मिश्र, राजेश कुमार दीक्षित और कमलेश मिश्र ने बताया कि यज्ञ 25 फरवरी से 29 फरवरी तक होगी। यज्ञ में प्रतिदिन भागवत कथा पं पंकज महारथी दोपहर एक बजे से चार बजे तक और शाम सात से रात 10 बजे तक सुनाएंगे। नैमिषारण्य के यज्ञाचार्य संतोष कुमार दीक्षित, पंडित नीरज और पंडित रामआसरे शुक्ला वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां डलवाएंगे। कार्यक्रम में पुष्कर पांडे, राजेश दीक्षित, राहुल मिश्रा, प्रेम प्रकाश मिश्रा, दिनेश दीक्षित, सुमित पांडेय, विनय, राजा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### त्याग, बलिदान व शुभ कर्म की प्रेरणा देता है गायत्री यज्ञ

**लखीमपुर खीरी। :** श्रीवेदमाता गायत्री प्रचार समिति शारदानगर के तत्वावधान में शारदा बैराज पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ चल रहा है। समिति अध्यक्ष पंडित राजेश दीक्षित ने बताया कि गायत्री यज्ञ त्याग, बलिदान के साथ शुभकर्म करने के लिए प्रेरित करता है। रोजाना यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध रहने के साथ मानव को भौतिक सुख सुविधाओं का भी लाभ मिलता है। इसलिए हर किसी को यज्ञमय जीवन जीना चाहिए। वहीं पंडित बृजेंद्र त्रिपाठी ने श्रीमद् प्रज्ञा पुराण की कथा सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर यज्ञ करने से होने वाले लाभ बताए। महायज्ञ में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी एवं सिंगाही के पूर्व चेयरमैन उत्तम मिश्रा सपरिवार शामिल हुए। भक्तों ने महायज्ञ में आहुतियां दीं। समापन पूर्णाहुति एवं भंडारे से हुआ। गायत्री यज्ञ में आसपास गांवों के तमाम लोग शामिल हुए।

### कन्या भोज व भंडारे के साथ रासलीला का समापन

**रोशननगर।** गांव के दुर्गा माता मंदिर पर हो रहे सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ और रासलीला का समापन कन्याभोज, भंडारे के साथ किया गया। सात दिनों से हो रही श्री शतचंडी महा यज्ञ का रविवार को कन्याभोज भंडारे के साथ समापन किया गया। भंडारे में गांव से लेकर पड़ोसी गांव के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। रासलीला के कलाकारों ने शनिवार रात्रि की बेला में राधा कृष्ण की झांकी दिखाई। लीला में शिव बारात की लीला का मंचन दिखाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। प्रेमचंद वर्मा, सचेंद्र अग्निहोत्री, हरिनंदन प्रसाद अग्निहोत्री, सर्वेश गुप्ता, भागवन्त कनौजिया, विनोद शर्मा, रामकिशोर वर्मा, अजीत वर्मा, आनंद अग्निहोत्री, आशीष अग्निहोत्री, राजेश्वर पाल, बेचेलाल कश्यप, पंकज गुप्ता, राहुल पांडे आदि मौजूद रहे।

### अभय दिल्ली में युवा निदेशक ऑफ द ईयर से सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ।** कम उम्र में शिक्षा जगत में तमाम काम करने के कारण हरपाल सिंह मेमोरियल अकादमी के प्रबंध निदेशक अभय प्रताप सिंह भदौरिया को शनिवार को दिल्ली में सम्मानित किया गया। दिल्ली एनसीआर में आईजीए संस्था द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सिकंद्राबाद के श्री हरपाल सिंह मेमोरियल एकेडमी के प्रबंध निदेशक अभय प्रताप सिंह को कम उम्र में शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण भाव से काम करने के लिए युवा निदेशक ऑफ द ईयर सम्मान से क्रिकेट के दिग्गज मदनलाल और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश केजी बालकृष्णन द्वारा सम्मानित किया गया। अभय प्रताप सिंह के सम्मान से जिले का मान बढ़ा है।

# सीमा पर तैनात एसएसबी ने शिविर लगाकर बांटे मुर्गी के चूजे

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार :** एसएसबी ने पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए थारू ग्राम सौनहा, देवराही, सरियापारा व कीरतपुर सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच प्रत्येक सीमा चौकी के 30 लाभार्थियों को 10-10 मुर्गी के बच्चे (चूजे) वितरित किए।

एसएसबी द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा, उप कमांडेंट प्रीति शर्मा, उप कमांडेंट श्वेता थापा आदि ने इस मौके पर भारत सरकार के निर्देश पर सीमावर्ती गांवों में चलाई जा रही एसएसबी की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही बताया कि शुक्रवार को कुल 1200 मुर्गियों के बच्चों (चूजों) का लोगों में वितरण किया गया है।



इस दौरान ग्राम भूड़ा, बनकटी, हिम्मतनगर, आदि गांवों के तमाम ग्रामीण और जवान मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# गन्ना से भरी अनियंत्रित दो ट्रालियां पलटीं

**संवाददाता, उचौलिया**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में अलग-अलग दो स्थानों पर गन्ना भरी दो ट्रालियां पलट गईं। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस और एनएचएआई की टीम ने ग्रामीणों की मदद से दोनों ट्रालियों को ट्रैक्टर की मदद से सीधा कराया। तब जाकर आवागमन शुरू हो सका।

पहला हादसा चेप्सली स्कूल के सामने हुआ। ट्रैक्टर में जुड़ी गन्ना भरी अनियंत्रित होकर हाईवे पर ही पलट गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। किसान खेत से गन्ना भरकर अजबापुर चीनी मिल जा रहा था। दूसरा हादसा कोटरा में बन रहे पेट्रोल पंप के पास हुआ। बरखेड़ा निवासी रवि मोहन अपने खेत से ट्राली में गन्ना भरकर अजबापुर चीनी मिल ले जा रहे थे। कोटरा के निकट निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के पास


कोटरा में बन रहे पेट्रोल पंप के पास पलटी पड़ी ट्राली। ● अमृत विचार

- **पुलिस व एनएचएआई की टीम ने ट्रालियों को सीधा कराकर खाली कराई सड़क**


चेप्सली स्कूल के सामने पलटी पड़ी ट्राली। ● अमृत विचार

अनियंत्रित होकर ट्राली पलट गई। दोनों जगहों पर पुलिस और एनएचएआई की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से दूसरा ट्रैक्टर मंगवाकर उसे सीधा कराया।

# सड़कों के किनारे नजर आए गिद्ध, लोगों में दिखा उत्साह


कुकरा रोड पर लोहिया पुल के पास पेड़ पर बैठे गिद्ध।

**संवाददाता, बांकेगंज**

**अमृत विचारः** रविवार की सुबह बांकेगंज कुकरा मार्ग पर लोहिया पुल के पास एक पेड़ पर बड़ी संख्या में बैठे गिद्धों को देखकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। लोग वीडियो बनाने तथा फोटो खींचने लगे।

कई वर्षों से गिद्धों का दिखाई देना लगभग बंद हो गया था। प्रकृति के इन सफाई कर्मियों की मौत होने से किसी पशु की मौत हो जाने पर उसका शव सड़क अथवा रेलवे लाइन के किनारे दुर्गंध फैलाता रहता था। दुर्गंध फैलने पर लोगों को प्रकृति के इन सफाई कर्मियों की याद आती थी। रविवार को जब राहगीरों को बांकेगंज कुकरा सड़क पर लोहिया पुल के पास पेड़ पर दो दर्जन गिद्ध बैठे दिखाई दिए। इससे लोग रुक कर उन्हें देखने लगे तथा जिनके पास मोबाइल था वे उनका वीडियो बनाने लगे। और फोटो खींचने लगे। वे यही चर्चा कर रहे थे कि पिछले कई वर्षों के बाद इतनी संख्या में गिद्ध दिखाई दिए हैं। मैलानी रेंजर साजिद हसन ने बताया कि वन क्षेत्र में गिद्ध कभी कभार दिखाई दे जाते हैं।

# अमृत सरोवर का एसपी ने किया लोकार्पण

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचारः** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने रविवार को पुलिस लाइन में स्थित अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण, सोलर लाइट आदि का लोकार्पण किया और उसे पुलिसकर्मियों व उनके परिवारीजनों को समर्पित किया।

अमृत सरोवर पर बने सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन एसपी की पुत्री आद्या ने बच्चों के साथ मिलकर फीता काटकर किया। एसपी ने अमृत सरोवर की भव्यता देखकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब इस कार्य ने अपनी पूर्णता को प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि तालाब



पुलिस लाइन स्थित अमृत सरोवर का लोकार्पण करते एसपी गणेश प्रसाद शाह।

- **पुलिस लाइन में अमृत सरोवर के चारों ओर बनवाया गई वाकिंग ट्रैक**

के सौंदर्यीकरण को लेकर बलरामपुर फाउंडेशन के अधिकारियों से वार्ता की गई। इसके बाद उनके सहयोग से कार्य सम्पन्न हुआ। अमृत सरोवर के चारों ओर वाकिंग ट्रैक का निर्माण भी कराया गया है। बैठने के लिए बेंच लगाई गई हैं। एसपी ने कहा कि अमृत सरोवर व इसके परिसर में लगाए गए पेड़-पौधों सहित अन्य सौन्दर्यीकरण का सभी लोग ख्याल रखें। इस दौरान सदर विधायक योगेश कुमार, एएसपी (पश्चिमी) नैपाल सिंह, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, सीओ सिटी सुबोध कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई शिव बरात की झांकी

**संवाददाता, पसगवां**

**अमृत विचार :** कस्बे के शिव मंदिर में नवीन मूर्तियों को स्थापित करने के लिए शिव बरात धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारे लगाए और वाद्य यंत्रों पर अबीर गुलाल-उड़ाते हुए थिरके चल रहे थे। पूर्वजों द्वारा निर्मित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार सुरेंद्र नाथ शुक्ल ने परिजनों की मदद से कराया। शिवजी की बरात में शिव परिवार, मां दुर्गा, बजरंगबली, लक्ष्मी-विष्णु, गणेश, नंदी की मूर्तियां शामिल थीं, जो गांव के सभी मंदिरों में गईं। शिव बरात में यज्ञाचार्य पंडित राम तीर्थ दीक्षित, अनुराग ने वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन अर्चन कराया। बाद में मूर्तियां मंदिर में स्थापित की गईं। इस दौरान सुरेंद्र नाथ शुक्ल, राकेश शुक्ला, सुनील, उमेश, विमला, सुमन, विभा, प्रधान राहुल गुप्ता, रावेंद्र तिवारी, कौशल पांडेय आदि शामिल रहे।


जंगबहादुरगंज में भोले की बरात में अघोरी नृत्य करते श्रद्धालु।


शिव बरात में नंदी पर सवार शिव की झांकी। ● अमृत विचार

- **पसगवां और जंगबहादुरगंज में गाजे-बाजे के साथ झूमते चल रहे बराती**

जंगबहादुरगंज में पोस्ट आफिस के करीब नवनिर्मित शिव मंदिर में मूर्तियों की स्थापना और प्राण-प्रतिष्ठा के लिए श्रद्धालुओं ने शिव बरात निकाली। ढोल, बाजा, डीजे की धुन पर भोले की बरात में श्रद्धालु थिरकते नजर आए। बाबा की बरात में अघोरी नृत्य व विकराल नंदी पर सवार शिव की झांकी सहित मूर्तियों का अलौकिक स्वरूप सभी श्रद्धालुओं को आकर्षित करता रहा। अयोध्याधाम में रामलला विग्रह स्थापना के एक माह होने पर श्रीरामोत्सव के माहौल में शिव बरात भी रंगी दिखी। श्रीराम ध्वजा पताका लहराते हुए भक्त बम-बम भोले के साथ ही जय जय श्रीराम की उद्घोष कर उत्साह से भरे रहे। यात्रा मंदिर परिसर से आदि गंगा गोमती नदी के तट पर स्थित बाबा पारस नाथ मढ़िया के लिए निकली। मढ़िया में प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन आदि कार्यक्रम संपन्न होने के बाद यह बारात वापस जंगबहादुरगंज पहुंची। मंदिर में गणेश, हनुमानजी, शिव परिवार, दुर्गा मां आदि की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। बारात यात्रा में मुख्य यजमान लालाराम सक्सेना सहित दीपक, रचित, मनोज, रामजी, अमन, अवनीश, अरुण, चाहत, खुशबू, अनीता, राकेश, अभिषेक, ईशू, आश्रित आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहरूख बेग को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। **समशुन निशा पत्नी जकी बेग निवासी मो. पठान हालपता मो. सुभाष नगर कस्बा पलिया कलां जिला खीरी**
**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## मृतक आश्रितों की दी छह-छह लाख की सहायता

**कासगंज, अमृत विचार :** गांव नगला कसा में मातम है। शासन प्रशासन सब गंभीर है। बेसिक शिक्षा मंत्री एवं राजस्व राज्यमंत्री सांसद विधायकों के साथ गांव पहुंचे। मृतकों के आश्रितों को छह-छह लाख रुपये एवं घायलों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये के चेक दिए।

- गांव पहुंचे बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और राजस्व राज्यमंत्री अनूप प्रधान

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा संदीप सिंह, राज्य मंत्री राजस्व विभाग अनूप प्रधान, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने थाना जैथरा क्षेत्र के गांव कसा पहुंचकर मृतक पारिवारीजनों से शोक संवेदना व्यक्त की। जन प्रतिनिधियों ने अंतिम संस्कार में सम्मिलित होने के उपरांत परिवारीजनों से घर जाकर वार्ता करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया एवं मृतकों के परिवारीजनों को सहायता राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किया। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शनिवार को कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र की चौकी दरियावगंज में गंगा स्नान को जा रहे ग्राम कसा, रोरी, बनार थाना जैथरा जनपद एटा के श्रद्धालुओं की हृदय विदारक दुर्घटना में हुई मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। मृतकों के शोकाकुल परिजनों को मुख्यमंत्री द्वारा, मुख्यमंत्री राहत कोष से दो लाख रुपये प्रति व्यक्ति, दैवीय आपदा कोष से चार लाख रुपये प्रति व्यक्ति तथा घायलों के उपचार हेतु पचास हजार रुपये प्रति व्यक्ति की सहायता राशि दिये जाने की घोषणा की गयी है। मुख्यमंत्री एवं शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा की गई।

इसके बाद सभी 23 मृतकों का अंतिम संस्कार कराया गया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसपी क्राइम योगेंद्र सिंह, एसडीएम सदर भावना, एसडीएम अलीगंज प्रतीत त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राम नयन, क्षेत्राधिकारी अलीगंज, तहसीलदार अलीगंज राकेश कुमार, तहसीलदार सदर नीरज मौजूद रहे।

### एक के बाद एक किए गए अंतिम संस्कार, गांव और आसपास के क्षेत्रों में छाया रहा मातम

# चीत्कारों के बीच एक साथ जलीं कई चिताएं तो रो पड़ा पूरा गांव

कार्यालय संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** चार गांव 23 शव और कई शवों के अंतिम संस्कार का स्थान एक ही था। किसी का पुत्र, पुत्र वधू, पत्नी, नाती दुनिया से विदा हो गया तो किसी के परिवार की खुशियां छिन गईं। जुबां पर चीखें थीं और आंखों के आंसू सूख चुके थे। सिसकियों और भरी आंखों के बीच दिन भर अंतिम संस्कार होते रहे। महिलाओं -पुरुषों को मुखाग्नि दी गई तो मासूमों को दफनाया गया।

शव शनिवार की देर रात गांव नगला कसा, खेरिय, रोरी और बरोरा पहुंचे। सबसे अधिक शव गांव नगला कसा में पहुंचे। एक के बाद एक शव पहुंच रहे थे। हूटर बजाती हुईं एंबुलेंस शव लेकर गांव पहुंच रही थीं। हूटरों की गूंज के बीच चीखें सुनाई दे रही थीं। रात लगभग एक बजे तक शव पहुंचे। रविवार सुबह से ही अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू हो गईं। आठ बच्चे थे। इनके शवों को दफनाया गया । वहीं एक परिवार के कुछ लोगों की मौत होने के कारण उन शवों को एक ही स्थान पर मुखाग्नि दी गई। एक के बाद एक अंतिम संस्कार हुए। हर कोई दुखी थी और हर आंख बह रही थी।



गांव कसा में अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

- महिलाएं, पुरुषों को दी गई मुखाग्नि तो दफनाए गए मासूम



गांव कसा में बालक का शव दफनाने को गड्ढा करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

#### इन गांवों में इतने संस्कार

गांव कसा में 18, गांव रौरी में तीन और गांव बनार में दो शवों का अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस और प्रशासन अधिकारी मौजूद रहे।

#### नहीं जले चूल्हे

गांव नगला कसा में माहौल इतना गंभीर था कि लोगों की भूख, प्यास सब मिट चुकी थी। तमाम घरों में शव थे। अंतिम संस्कार की तैयारी थी। ऐसे में रविवार सुबह पूरे गांव में चूल्हे नहीं जले। मातम छाया रहा।

#### अंतिम यात्राओं में उमड़ पड़े ग्रामीण

शवों को अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हो रहे थे। एक के बाद एक शव यात्रा निकल रही थीं। हर पल एक नई अंतिम यात्रा गांव में दिखाई दे रही थी। पूरे ही गांव में शोक का माहौल था। ग्रामीण बेहद दुखी थे।

## छह बच्चों के शव दफनाने को एक साथ खोदे गए गड्ढे तो छलक पड़े आंसू

**एटा, अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने मृतकों के शवों के अंतिम संस्कार के लिए तैयारी की। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह समेत जनपद के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने शवों का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। जैथरा के कसा गांव में हर तरफ चीत्कार मचा हुआ था। छह बच्चों के अंतिम संस्कार के लिए एक साथ गड्ढा खोदा गया। गढ्डा में शवों को एक साथ रखा गया तो परिवारीजन फूट फूटकर रोने लगे। अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने उन्हें ढांढस बंधाया। कई परिजन रोते रोते बेसुध हो गए। इन्हें पानी पिलाकर एवं हवा करके होश में लाया गया। हादसे में गांव में हर कोई सन्न है।

# चालक की लापरवाही से गईं 23 जानें एआरटीओ ने शासन को भेजी रिपोर्ट

### तकनीकी जांच में जुटीं टीमें, प्रथम दृष्टया पाया तेज रफ्तार रही हादसे का मुख्य कारण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** जिले में पटियाली, अलीगंज स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली हादसे की परिवहन विभाग ने तकनीकी जांच शुरू की है। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया है कि ट्रैक्टर चालक गौरव की लापरवाही से 23 श्रद्धालुओं की जान चली गई। रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। बहरहाल यदि समय रहते परिवहन विभाग अभियान चलाता तो यह हादसा नहीं होता।

दिल दहलाने वाले इस हादसे के बाद शासन-प्रशासन सक्रिय हैं। हर कोई इस घटना को लेकर द्रवित दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रपति सभी ने दुख जाहिर किया है। हर पहलू पर जांच के आदेश दिए गए हैं। परिवहन विभाग को मामले की जांच के निर्देश मिले हैं। इधर एआरटीओ आरपी मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी जांच की और जांच में पाया कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है और 23 लोगों की जान चली गई। जांच में अनुसार ट्रैक्टर के ब्रेक अनलॉक थे और दाएं हाथ की तरफ ब्रेक दबने के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हुआ। परिवहन विभाग ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। साथ ही स्पष्ट किया है कि अभी और भी कई पहलू पर जांच कर रहे हैं।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर दुख जाहिर किया है। उन्होंने लिखा है कि उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में एक ट्रैक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से महिलाओं बच्चों सहित अन्य की मृत्यु होना एक हृदय विदारक दुर्घटना है। अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं गहन शोक संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।




दूसरे दिन भी 23 लोगों की जान लेने वाले तालाब को देखते बड़ी संख्या में लोग।

- परिवहन विभाग समय रहते चलाता अभियान तो शायद न होता यह हादसा

> चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ है। मामले की तकनीकी जांच की गई है। कई अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रहे हैं। शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।
>
> – आरपी मिश्रा, एआरटीओ

#### पानी में उतराती रहीं दूध की बोतल और चप्पलें



दूसरे दिन तालाब के पानी में दूध की बोतलें और चप्पलें उतराती दिखी। लोग दूसरे दिन भी घटना स्थल पर जमा दिखाई दिए। लोगों में चर्चा दिखी कि जल संरक्षण का श्रोत खूनी तालाब बन गया है। हालांकि सभी श्रद्धालुओं को तालाब से निकाले जाने की पुष्टि होने के बाद तालाब का पानी पूरी तरह खाली नहीं किया गया है। बच्चों के दूध की बोतलें और चप्पल इस बात की गवाही दे रही थी कि बेहद दर्दनाक मौत हुई है।

## कल तक थीं मुंडन की खुशियां, अब छाया मातम

**संवाददात, कासगंज/एटा, अमृत विचार :** कासगंज हादसे में गौरव का पूरा परिवार ही उजड़ गया। पत्नी की जान बची और न हीं बेटे की। जिस बेटे के मुंडन संस्कार की खुशियों से घर चहक रहा था, आज वहां मौत की चीखें थीं। इस हादसे में गौरव की मां और बुजुर्ग दादी की भी मौत हो गई। इसके अलावा दो अन्य परिवारों के 10 लोगों की जान चली गई।

गौरव का पूरा परिवार बेटे सिद्धू के मुंडन संस्कार को लेकर खुशियों में डूबा था। परिवार तो शामिल था ही अपने गांव के अलावा दूसरे गांवों लोग भी ट्रैक्टर ट्राली में सवार हो गए। खाना बनवाकर रख लिया कि गंगा घाट पर ही खाएंगे। शनिवार सुबह गंगा मइया का जयकारा लगाकर सभी चल दिए। नहीं पता था कि अब लौटना मुमकिन नहीं होगा। तालाब में ट्रैक्टर ट्राली गिरी तो गौरव के मासूम बेटे सिद्धू, मां सपना, दादी पुष्पा देवी और परदादी शकुंतला देवी की जान चली गई। अन्य 19 लोगों की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को गौरव ने छह माह के बेटे सिद्धू के मुंडन संस्कार की बात की थी। इसके लिए शनिवार का दिन तय हुआ। गांव व परिवार के लोग मुंडन संस्कार और माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान को लेकर उत्साहित थे।

# अब किसका शव आया मनहूस घड़ी को कोसते रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, एटा / कासगंज

अमृत विचार : कासगंज में ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसे के बाद एटा के गांव नगला कसा में शनिवार की देर शाम से शव पहुंचना शुरू हुए तो गांव का माहौल गमगीन हो गया। शव वाहन पहुंचने पर गांव के लोग वाहन की ओर दौड़े जा रहे थे। ग्रामीण देखना चाह रहे थे कि किसका शव आया। गांव की महिलाएं हो या बच्चे, युवा हों या बुजुर्ग, सभी की आंखें नम थीं। बस एक ही बात लोगों के मुंह से निकल रही थी कि किस मनहूस घड़ी में गंगा स्नान को गए थे।

शाम के समय शव पहुंचने पर कोई बेटे के लिए रो रहा था तो कोई पिता के लिए। किसी ने पत्नी को खोया तो किसी ने पति को। आलम ऐसा था कि मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों की भी आंखें नम हो गईं। प्रशासन ने शवों के अंतिम संस्कार की तैयारी की। लेकिन गांव के लोगों ने रात का हवाला देकर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। कई लोगों ने रिश्तेदारों के आने का हवाला दिया। इसके बाद देर रात तक गांव में बस चीत्कारें ही सुनाई दे रही थीं।

- शनिवार देर रात तक पहुंचाए गए 23 शव, चार गांवों में मचा रहा कोहराम
- किसी ने बच्चों को खोया तो किसी के मां-बाप की चली गई जान

#### लाइट की कराई व्यवस्था

गांव में अंधेरा होने पर और शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया गया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में लाइट की व्यवस्था कराई। इसके अलावा सर्दी से बचाव के इंतजाम करने की बात कही।

#### प्रशासन ने मुहैया कराई अंतिम संस्कार की पूरी सामग्री

हादसा बड़ा था और लखनऊ से भी पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जिसके चलते हर तरह की व्यवस्थाएं बनाने में प्रशासन जुटा हुआ था। शनिवार की शाम को ही अंतिम संस्कार की संभावना को देखते हुए चिताओं के लिए लकड़ियां मंगवाकर रखबा दी गईं थीं। रविवार सुबह अंतिम संस्कार में प्रयुक्त की जाने वाली अन्य पूरी सामग्री भी सभी मृतकों के परिजन को मुहैया कराई गई।

## दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत मृतक के बेटे समेत दो लोग घायल

संवाददाता, बंडा/खुटार

**अमृत विचार :** बंडा क्षेत्र में रविवार सुबह बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा और दूसरी बाइक का चालक घायल हो गया।

गांव बाबूपुर निवासी ठकुरी प्रसाद का पुत्र देवीदीन(35) अपने पुत्र अनुराग(11) के साथ रविवार पूर्वाहन 11 बजे गांव ददिउरी खेत पर गेहूं की सिंचाई करने जा रहा था। एक अन्य युवक बरेली के फरीदपुर के गांव अठान निवासी राजेश का पुत्र सचिन(27) रिश्तेदारी में गांव बौठा जमालपुर आया था। वह मोहिउद्दीनपुर टेंट का सामान भरवाने जा रहा था। टाह गांव के पास उबरिया मोड़ पर दोनों की बाइकें आमने-सामने टकरा गईं, जिससे सचिन और देवीदीन गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं देवीदीन का पुत्र अनुराग भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने देवीदीन व सचिन को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। देवीदीन की जिला अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। वहीं सचिन का इलाज चल रहा है। मौत से मां सुखदेवी, पत्नी मुन्नी देवी, पुत्री मोहिनी देवी, पुत्र अनुज व प्रतीक का रो रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### संत दर्शन शोभायात्रा से नगरवासी अभिभूत, पीतवस्त्रधारी महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

# मुमुक्षु आश्रम में लगा महात्माओं का जमावड़ा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से विश्व में सनातन संस्कृति के नवजागरण के शुरुआत के उपलक्ष्य में रविवार से विधिवत मुमुक्षु महोत्सव शुरू हो गया। आश्रम परिसर स्थित यज्ञशाला में सुबह आठ बजे रुद्र महायज्ञ शुरू हुआ। बाबा विश्वनाथ मंदिर से भव्य संत दर्शन शोभायात्रा निकाली गई। इधर, 108 महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर परंपरा का निर्वहन किया। इसी क्रम में वृंदावन के प्रख्यात संत विजय कौशल महाराज ने श्रीराम कथा का भी श्रीगणेश किया।

मुमुक्षु महोत्सव के अंतर्गत रविवार पूर्वांह 11 बजे महानगर में भव्य संत दर्शन शोभा यात्रा निकाली गई। बाबा विश्वनाथ मंदिर में एसएस कॉलेज सचिव डॉ. अवनीश मिश्र, आरएसएस के धर्मेंद्र, ईशपाल सिंह, सर्वेश मिश्र धांधू आदि ने संतों का पूजन और माल्यार्पण कर रथों पर बिराजमान कराया। शोभायात्रा में सबसे आगे रामलला का दरबार और एसएसएमवी के बच्चों की श्रीराम दरबार की झांकी शामिल रही। इनके पीछे 108 संत-महात्मा रथों और ई-रिक्शा पर सवार होकर नगर वासियों को दर्शन देने रवाना हो गए। शोभायात्रा में शामिल संत-महात्माओं के स्वागत को नगरवासियों ने पलक पांवड़े बिछा दिए। सदर बाजार से चारखंभा तक कई स्थानों पर पुष्पवर्षा और आरती कर संतों का स्वागत किया गया। एसएस कॉलेज पहुंचने पर पीतवस्त्रधारी महिलाओं ने साधु-संतों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। वहीं, मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने संतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इससे पहले डॉ. बरखा सक्सेना और डॉ. कविता भटनागर के नेतृत्व में 108 महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। व्यवस्था में प्राचार्य डॉ. आर के आजाद, उपप्राचार्य डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. जेएस ओझा, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अजीत चारग, डॉ. आलोक सिंह, चंद्रभान त्रिपाठी, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. एसपी डबराल, डॉ. शिशिर शुक्ला, डॉ. बरखा सक्सेना, ममता सिंह, डॉ. कविता भटनागर, डॉ. निधि त्रिपाठी आदि का सहयोग रहा।



नगर में निकलती संत दर्शन शोभायात्रा। ● अमृत विचार



मुमुक्षु आश्रम में संतों का स्वागत करते मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद।

#### पूजन के साथ रुद्र महायज्ञ शुरू

अमरकंटक से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद महाराज ने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन कर रुद्र महायज्ञ शुरू कराया। इस मौके पर श्रीराम चरित मानस पाठ का समापन भी किया गया। समापन पर प्रसाद वितरण भी हुआ। पूजन में प्रोफेसर प्रभात शुक्ला, डॉ. आदर्श पांडेय, डॉ. कमलेश वाजपेयी, रवि, सुयश सिन्हा, डॉ. अमीर सिंह, डॉ. सचिन खन्ना, डॉ. संदीप अवस्थी, राम निवास गुप्ता, डॉ. अनिल कुमार आदि का योगदान रहा।

धर्म और राजनीति

### अज्ञानी हैं रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मुहूर्त पर उंगली उठाने वाले : वासुदेवानंद सरस्वती

# राजनीति अंधी है, धर्म के सहारे बिना नहीं चल सकती

अजय अवस्थी, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** जगद्गुरू स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती महाराज बद्रिका आश्रम का मानना है कि राजनीति धर्मानुसार ही चलनी चाहिए। स्वतंत्र राजनीति का कोई अस्तित्व नहीं होता है। एसएस कॉलेज के मुमुक्षु महोत्सव में पधारे संत ने रविवार को मुमुक्षु आश्रम के अतिथि गृह में अमृत विचार से खास बातचीत की।

उन्होंने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो राजनीति अंधी और धर्म लंगड़ा है। अंधी होने के कारण ही राजनीति को धर्म रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति को मार्ग दिखाने के लिए धर्म का होना बहुत आवश्यक है। एक सवाल के जवाब में शंकराचार्य ने कहा कि राजनीति में यदि धर्म नहीं होगा, यानि संत-महात्मा नहीं होंगे, तो राजनीति चल ही नहीं पाएगी। चूंकि धर्म लंगड़ा होता है, इसलिए वह राजनीति के कंधे पर सवार रहता है और राजनीति को रास्ता दिखाता रहता है। जिस प्रकार अंधा व्यक्ति स्वयं नहीं चल सकता, उसे रास्ता दिखाने वाला चाहिए होता है, वैसे ही राजनीति की हालत है।



स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती।

- धर्म के बिना राजनीति बढ़ ही नहीं सकती, दोनों का साथ जरूरी

एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि मुख्यमंत्री की परंपरा में धर्म शामिल है। संत दिग्विजय नाथ, संत अवैद्यनाथ के क्रम में योगी आदित्यनाथ धर्म के मार्ग पर चल कर राजनीति को दिशा दे रहे हैं। जो सभी संत राजनीति में आ चुके हैं और राजनीति को रास्ता दिखा रहे हैं, वे अपना कर्तव्य भली प्रकार निभा रहे हैं। ऐसे लोगों के आने से ही राजनीति में सुधार भी हो रहा है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा के सवाल पर स्वामी वासुदेवानंद ने कहा कि प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा सर्वसिद्धि और अमृत योग में हुई है, इसमें किसी प्रकार की कोई बुराई नहीं है। जो लोग इस पर आपत्ति उठा रहे थे, वे अज्ञानी हैं। उन्हें ज्योतिष आदि का ज्ञान ही नहीं है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो यह समझना होगा कि रामलला अपने राज महल में प्रविष्ट हुए हैं, अपने घर में ही उनकी प्राण प्रतिष्ठा उचित समय और गृह-नक्षत्र में हुई है। इसमें कोई किसी प्रकार की शंका ही नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक व्यक्ति अपने यहां एक कक्ष में रहकर पूरा घर बनवाता रहता है, उसी प्रकार रामलला भी अपने महल में पहुंचकर अपनी देखरेख में निर्माण कार्य पूरा करा रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी परंपरा के अनुसार ही चलना चाहिए और धर्म का पालन करना चाहिए।

## बनने के नौ महीने बाद ही उखड़ने लगी सड़क

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत में ऑफिसर्स कॉलोनी से पुलिस लाइन तक की सड़क बनने के नौ महीने बाद ही उखड़ने लगी है। शिकायत पर पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता ने इंजीनियर भेजकर जांच कराने की बात कही है।

मई 2023 में 27.50 लाख रुपये की लागत से सड़क बनवाई थी। सड़क बनाने का ठेका आरएस इंटरप्राइजेस फर्म को दिया गया था। इसी फर्म के खिलाफ इसी सड़क के ई-टेंडर में फर्जीवाड़ा की जांच भी चल रही है। ई-टेंडर में दस प्रतिशत धरोहर धनराशि के लिए ठेकेदार ने 2.70 लाख रुपये की जगह सिर्फ 27 हजार रुपये जमा किए थे। फर्जीवाड़ा की शिकायत मिलने पर चीफ इंजीनियर संजय तिवारी ने जांच बैठा दी है।

# ज्ञानवापी मुद्दे पर जेल भरो के एलान के बाद से लगाया जा रहा था चुनावी तैयारी का अनुमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**बरेली, अमृत विचार :** ज्ञानवापी में पूजा की अनुमति दिए जाने के खिलाफ आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के जेल भरो आंदोलन के एलान के बाद ही अनुमान लगाया जा रहा था कि उनकी राजनीति कोई नया मोड़ लेने जा रही है, अब हुआ भी वैसा ही है। मौलाना ने अब दिल्ली में छोटे दलों के साथ बैठक करने का दावा करते हुए नया गठबंधन बनाने का एलान किया है।

विधानसभा चुनाव 2022 से पहले मौलाना तौकीर रजा ने हरिद्वार में हुई धर्मसंसद के खिलाफ दिल्ली कूच का एलान किया था और फिर चुनाव में कांग्रेस से हाथ मिलाया था। इस बार ज्ञानवापी के मुद्दे पर जेल भरो के तहत सामूहिक गिरफ्तारी की असफल कोशिश के बाद अलग गठबंधन बनाकर चुनाव लड़ने का एलान किया है। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी के मुताबिक रविवार को मौलाना ने इस्लामिक कल्चर सेंटर में बैठक कर नए गठबंधन का एलान किया। इदरीसी के मुताबिक मौलाना ने इस बैठक में कहा कि उनके लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं। जल्द आगे रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने इस बैठक में ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने पर भी जोर दिया।

- दिल्ली में कई पूर्व सांसदों और विधायकों के साथ बैठक करने का दावा

दावा किया गया है कि मौलाना तौकीर की बैठक में अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखती पार्टियों के पूर्व सांसद और विधायक भी शामिल हुए। पीडीए के इसी समीकरण के सहारे सपा चुनाव में उतरी है, यानी साफ है कि मौलाना का निशाना सपा के इसी फार्मूले पर होगा। इसके साथ उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। कहा, इंडिया गठबंधन के बाद लगा था कि भाजपा को हराने के लिए मजबूत गठबंधन बन गया है लेकिन कांग्रेस की नीतियों से गठबंधन बिखर रहा है। भाजपा और आरएसएस से मुकाबला करने की क्षमता किसी में नजर नहीं आ रही है। मुस्लिम और दलितों को नजर अंदाज किया जा रहा है। चुनाव आयोग समेत सभी एजेंसियां सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। जो काम इंडिया गठबंधन को करना था, उसके लिए अब खुद आगे आना पड़ा है।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम : ॥


बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

**ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।**

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल

**हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।**

हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थे। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

**चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।**

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

**इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।**



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है। हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे, समय के साथ दौड़ सकते हैं।

इसी कारण देखिये ना, चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं, निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होंगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# जान है तो जहान है



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

**क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं।**

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

## स्वास्थ्य सुभाषित

**व्याख्या:** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत )

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थता:** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

**अभिवादनशीलता:** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

# सड़कों पर बिना एचएसआरपी दौड़ रहे 2.33 करोड़ वाहन

## अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही लगी है नई सुरक्षा प्लेट

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की अंतिम तारीख 15 फरवरी, 2023 को एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। इससे पहले भी दो बार तारीखें बढ़ाई गई हैं। लेकिन वाहन स्वामियों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। प्रवर्तन एजेंसियां भी इसे ठंडे बस्ते में डाल भूल गईं। नतीजा सामने है प्रदेश में अब तक मात्र 23.85 प्रतिशत वाहनों में ही एचएसआरपी लग पाई है। कुल पंजीकृत वाहनों में 02 करोड़ 33 लाख 40 हजार 532 वाहन ऐसे हैं जिसमें अभी एचएसआरपी लगना शेष है। आधुनिक नंबर प्लेट न लग पाने की वजह से ये वाहन सारथी पोर्टल में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं।

राजधानी लखनऊ में ही प्रवर्तन टीम कटघरे में खड़ी हो जाती है। एक अप्रैल 2019 के पहले कुल 21,48,179 वाहन पंजीकृत हुए हैं। इनमें से 5,86,378 में ही एचएसआरपी लग पाई है। यानी 15,61,801 वाहन अभी बिना नई नंबर प्लेट के, इसी तरह बरेली में 7,54,602 वाहनों का पंजीकरण। इनमें से 1,85,846 गाड़ियों में ही नवीन नंबर प्लेट। यानी 5,68,756 गाड़ियों में अभी एचएसआरपी लगवाए जाने का इंतजार।

### प्रवर्तन दलों ने कार्रवाई शुरू कर दी है



दरअसल, एक अप्रैल, 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में एचएसआरपी लगवाए जाने को लेकर गाड़ी के अंतिम नंबर के हिसाब से तिथियां तय की गईं थीं। तय तारीखों तक नंबर प्लेट हर हाल में लग जानी थी। वाहन स्वामियों की दिक्कतों को देखते हुए चेतावनी के साथ दो बार तिथि बढ़ाई गई। तारीख निकलती रहीं लेकिन वाहन स्वामियों ने इसे लगवाया नहीं। अब अभियान शुरू हो गया है। ऐसे में लापरवाह लोगों की जेब कटना तय है।

### तीन चालान के बाद जुर्माना राशि और बढ़ेगी

चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर 5,000 रुपये का जुर्माना पहली बार में वाहन स्वामी पर लगाया जाएगा। जांच में निरंतर तीन बार पकड़े जाने पर यही राशि देय होगी। अफसरों के मुताबिक तीन चालान के बाद भी अगर नंबर प्लेट न लगवाई गई तो 10,000 रुपये की आर्थिक चोट जेब पर पड़ेगी। ● प्रदेश में पंजीकृत कुल वाहन– 03,06,52,158 ● एचएसआरपी लगी गाड़ियों की संख्या– 073,11,626 ● वाहनों का प्रतिशत– 23.85

# सत्यापन में फंसा शादी अनुदान

**लखनऊ, अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना से कई बेटियां वंचित हो सकती हैं। इनके समय पर किए गए आवेदन जिलों पर एसडीएम और बीडीओ स्तर से सत्यापित नहीं हो पाए हैं। प्रदेश में वर्ष 2023-24 के 66,032 आवेदनों के सापेक्ष 6531 लंबित हैं। आवेदन अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर अन्य वर्ग के हैं। इसमें 21 फरवरी तक बीडीओ के 5556 व एसडीएम स्तर से 975 आवेदनों का सत्यापन और आगे की प्रक्रिया लंबित रही। इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। यदि आवेदन सत्यापन कर संबंधित अधिकारियों के पोर्टल पर न बढ़ाए गए तो बजट वापस होने पर कई लाभार्थी बाहर हो जाएंगे। इस प्रक्रिया की जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति गठित है। इसके अध्यक्ष जिलाधिकारी हैं फिर भी यह स्थिति है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में शादी अनुदान के लिए 150 करोड़ रुपये बजट मिला था। इसमें फरवरी तक आधा भी खर्च नहीं हो पाया है। क्योंकि आवेदन समय पर सत्यापित नहीं हुए न आगे प्रक्रिया के लिए बढ़े। चर्चा यह भी है कि पूर्वांचल के जिलों ने बजट पहले ही सरेंडर कर दिया है।

# एमएसपी कानून: प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ व्यापारियों ने जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● कृषि उत्पाद व्यापारियों ने किसानों की मांग को किया खारिज

**अमृत विचार :** कृषि उत्पाद से जुड़े. व्यापारियों ने किसान संगठनों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए रविवार को जीपीओ पार्क में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। नाराज व्यापारियों ने एमएसपी कानून की मांग को लेकर प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़ आक्रोश जताया। इसमें बड़ी संख्या में खाद्यान्न व्यापारियों ने हिस्सा लिया। व्यापारियों का कहना है कि किसानों द्वारा कृषि उत्पादों की एमएसपी पर कानून बनाने की मांग के प्रस्तावित स्वरूप पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कृषि उत्पाद को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम कीमत पर खरीदने पर खरीदार कृषि उत्पाद व्यापारियों पर कानूनी कार्यवाही हो। इसके तहत कोई धारा, सजा व मुकदमे का प्रावधान हो। यह मांग पूरी तरह से बेजा है।

किसानों की दूसरी मांग को भी खारिज करते हुए व्यापारियों ने कहा कि इस कानून से डब्ल्यूटीओ का समझौता खत्म होगा यह समझौता तोड़ने का मतलब कृषि उत्पादों का आयात-निर्यात बंद होना और देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना। यह कतई मानने योग्य बातें नहीं हैं। इससे देश में कृषि उत्पाद व्यापार में परेशानियां बढ़ेंगी।

भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र के नेतृत्व में व्यापारी प्रदर्शन के लिए जुटे। संगठन अध्यक्ष ने बताया किसान संगठनों द्वारा प्रस्तावित एमएसपी कानून के ब्यौरे की प्रतीकात्मक प्रतियां फाड़कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रधानमंत्री मोदी को सम्बोधित ज्ञापन कमिश्नरेट पुलिस को सौंपा गया। इस मौके पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उन्नाव के जिला अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने कहा कि जिले के सभी व्यापारी आंदोलनरत हैं। इस कानून का विरोध किया जाएगा। संगठन के कानपुर महानगर इकाई के वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने, महानगर महामंत्री महेश सोनी, संगठन महामंत्री चंद्राकर दीक्षित और कानपुर महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व युवा वरिष्ठ महामंत्री सचिन त्रिवेदी समेत कानपुर की दोनों गल्ला मंडियों के कृषि उत्पाद व्यापारियों ने भी नाराजगी जताई।

## सार-संक्षेप

### रामलला को समर्पित हुआ 13.5 किलो चांदी से बना दीपक



**अयोध्या, अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के गर्भगृह में अखंड ज्योति के लिए मुंबई के उद्योगपति नागेंद्र आचार्य और अरुणा आचार्य ने चांदी से बने दो विशाल दीपक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। 13 .50 किलो वजनी दीपक की ऊंचाई 3 .30 फीट है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 48 दिवसीय मंडपोत्सव के अनुष्ठान में रविवार को मुंबई से आए उद्योगपति नागेंद्र आचार्य पत्नी समेत शामिल हुए इस दौरान रामलला के समक्ष पूजन अर्चन करने के बाद राम लाल की समक्ष अखंड ज्योति जलाए जाने की इच्छा प्रकट करते हुए जो विशाल दीपक ट्रस्ट के सदस्य विश्व प्रसन्न तीर्थ के मौजूदगी अर्पित किया।

### बोनट पर गिरे व्यक्ति को 3 किलोमीटर तक घुमाया

**गाजियाबाद, एजेंसी :** गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम इलाके में रविवार को कथित तौर पर एक कार के चालक ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी और कार के बोनट पर गिरे उस शख्स को तीन किलोमीटर तक घुमाता रहा। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इंदिरापुरम के सहायक पुलिस आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि रमेश सिंह नामक व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मार दी थी। सिंह कार के बोनट पर गिर गया लेकिन चालक रुकने के बजाय लगभग तीन किलोमीटर तक वाहन चलाता रहा। इस दौरान सिंह जान बचाने के लिए बोनट से चिपका रहा। हालांकि, कुछ राहगीरों ने कार का पीछा किया और उसके चालक तरंग जैन को रुकने के लिए विवश कर दिया, जिससे रमेश सिंह की जान बच गई।

### राज्यसभा चुनाव: मतदान में मोबाइल फोन पर रहेगी पाबंदी

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्यसभा की रिक्त 10 सीटों के लिए मंगलवार 27 फरवरी को होने वाले मतदान में मोबाइल फोन पर पाबंदी रहेगी। इस चुनाव के रिटर्निंग आफिसर और उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विधान भवन के तिलक हॉल स्थित मतदान स्थल और मतगणना स्थल यानि कक्ष संख्या–80 में इस चुनाव में शामिल सभी प्रत्याशियों, उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, मतदाता, चुनाव ड्यूटी में लगे सभी कर्मचारियों और मीडिया कर्मियों के मोबाइल फोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। विशेष सचिव ने बताया कि केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार उक्त मतदान दिवस पर मतदान स्थल और मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन पर पूरी तरह प्रतिबंध है।

### रामलला को लगा 56 व्यंजनों का भोग

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से आयोजित मुरारी बापू की कथा में शामिल हुए रामभक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि में विराजमान रामलला को 56 व्यंजनों का भोग प्रसाद को अर्पित किया। शनिवार शाम विश्व हिंदू परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक कुमार, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, महामंत्री चंपत राय, सदस्य कामेश्वर चौपाल, सदस्य विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य की उपस्थिति में राम कथा आयोजन के मुख्य यजमान ने विशेष भोग को अर्पित किया।

### शासन ने दो आईपीएस का किया तबादला

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने शनिवार की देर रात दो आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम एन कोलांची को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज बनाया गया है, जबकि पवन कुमार को अपर पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से हटाकर पुलिस उप महानिरीक्षक साइबर क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है।

# कांग्रेस की तरह इस बार विधान परिषद से गायब हो जाएगी बसपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस की तरह इस बार बहुजन समाज पार्टी भी विधान परिषद से गायब हो जाएगी! वजह यह है कि बसपा के एक मात्र सदस्य भीम राम आंबेडकर का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। 13 सीटों के लिए होने जा रहे चुनाव में बसपा का कोई सदस्य नामांकन करने की भी स्थिति में नहीं है।

राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश में विधान परिषद की खाली सीटों के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए चार मार्च से नामांकन शुरू होगा। वर्तमान में विधानसभा में 399 विधायक हैं। विधान परिषद के एक प्रत्याशी को जीतने के लिए 29 वोट चाहिए होते हैं, जबकि नामांकन करने के लिए 10 विधायक प्रस्तावक के तौर पर होने चाहिए। ऐसे में बसपा के लिए विधान परिषद चुनाव में जीतना तो दूर वर्तमान परिस्थिति में प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करना भी असंभव नजर आ रहा है। मालूम हो कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से घोषित कार्यक्रम के अनुसार चार मार्च से नामांकन शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं।

### 11 मार्च तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे

प्रत्याशी चार मार्च से 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी।

# मृत्युंजय स्तोत्र ग्रहजन्य पीड़ा से दिलाता है मुक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष संगोष्ठी के दूसरे दिन ज्योतिषाचार्यों ने रखी अपनी-अपनी बात

**अमृत विचार :** अरिष्ट निवारण के लिए मृत्युंजय स्तोत्र का पाठ किया जाता है। इसे नित्यकर्म में जोड़कर प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे ग्रहजन्य पीड़ा व प्राकृतिक उत्पातों से भी मुक्ति मिल जाती है। ये बातें ज्योतिष विभाग के वरिष्ठ आचार्य और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने कही।

वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन के पहले सत्र को संबोधित कर रहे थे। इसमें पंचांग की एकरूपता और पंचाग साधन, विवाह विलम्ब विचार, रोग विचार, हृदयरोग विचार, कर्मजरोग आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि विवाह में विलम्ब के प्रमुख चार कारण हैं- शिक्षा, रोजगार, वैवाहिक जीवन का भय और ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से ग्रहयोग। शास्त्रीय विधि से ईश्वरीय आराधना से इस दोष का शमन होता है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डा. सुभाष पाण्डेय ने हृदय रोग जैसे गम्भीर संकट से मंत्र जप व ईश्वर की उपासना मुक्ति दिला सकता है। यह बात काफी गहन चिंतन के बाद कह रहा हूं। डॉ. उदित नारायण पाण्डेय एक सड़क परिवहन अधिकारी ने विवाह में विलम्ब के योग, उनके निदान तथा अन्य गम्भीर रोगों की चर्चा की। जिनका निदान ज्योतिष शास्त्र में प्रतिपादित किया।

कवि कुलगुरू कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय नागपुर के ज्योतिष विभाग के प्रोफेसर कृष्ण कुमार पाण्डेय ने कहा कि पंचांग की एकरूपता आवश्यक है। धर्मशास्त्र की दृष्टि से मतान्तर तो सम्भव है, लेकिन गणित में अन्तर आना चिन्ता का विषय है। इसलिये सभी को मिलकर कार्य करना चाहिये ताकि समाज को एक शुद्ध पंचांग मिल सके। इस अवसर पर प्रो. मदनमोहन पाठक, प्रो. भारतभूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ.अमित मिश्र, डॉ. चन्द्रश्री पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### ज्योतिष गणना में भी भाजपा बनाएगी तीसरी बार सरकार



ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा।

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रहों के चाल पर ही भविष्यवाणी होती है। लोकसभा चुनाव के परिणाम की बात करें तो ग्रहों की चाल और उनकी गणना साफ बता रही है कि भाजपा देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा इस बार के चुनाव में पश्चिम बंगाल में भी बड़ी सफलता हासिल करेगी। गणना के मुताबिक 23 से 26 सीटें मिल सकती हैं। भाजपा का भाग्येष प्रबल है। पार्टी जब तक धर्म से जुड़ी रहेगी, तब तक सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। धर्म के प्रभाव से प्रसिद्धि का योग बन रहा है। ये बातें ज्योतिषाचार्य सुमेधा शर्मा ने कही। वे त्रिदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय ज्योतिष सेमिनार के दूसरे दिन व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्रहों के अनुसार कांग्रेस को सफलता 27 अप्रैल के बाद वोटिंग में मिलेगी। कांग्रेस नेताओं को अपनी वाणी में नियंत्रण रखना होगा। भाषा के स्तर को ठीक करना होगा। समाजवादी पार्टी को भी 5 मई के बाद होने वाली वोटिंग में सफलता मिलेगी। इससे पहले होने वाली वोटिंग में पार्टी को नुकसान होगा। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की तिथि ज्ञात नहीं है। इसमें फेर बदल हो सकता है।

## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1.1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।

4. बीज के लेन–देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।

5.1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।

6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।

9.1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**


1.1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा–सुनी या विवाद, झंझट–बखेड़ा 3. सुख–भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।

2.1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।

3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।

7.1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।

8.1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।



### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | ■ | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | ■ | ■ | खं | ■ | छो |
| ■ | 4 को | ■ | ड | ■ | ह |
| ■ | 5 हि | म | पा | त | ■ |
| ■ | नू | ■ | ठ | ■ | 6 मुँ |
| 7 भे | र | वी | ■ | ■ | द |
| ■ | ■ | ■ | 8 खि | ल | ना |

# 10 सालों में देश में दिखा क्रांतिकारी परिवर्तन: योगी

संवाददाता, रायबरेली

● एम्स रायबरेली के वर्चुअल लोकार्पण पर योगी ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ



**अमृत विचार :** एम्स रायबरेली के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एम्स की दशकों पूर्व जो मांग हुई थी। अब उसका विधिवत कार्यक्रम आज सामने आया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष से प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। एक नया भारत बन रहा है, जिस भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी भी है। जहां पर विकास की बड़ी-बड़ी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की क्षमता भी है।

अब हर युवा के हाथ को आजीविका के साथ जोड़ने और आम नागरिक की आस्था को सम्मान देने का सरकार के पास जज्बा है। यह नया भारत जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत तमाम प्रकार की बीमारियों से बचाव सुझाता है तो वही यह नया भारत बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा के नाम से हर जनपद पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का काम कर रहा है। सौभाग्य है कि एम्स रायबरेली के साथ यूपी देश का उन राज्यों में अग्रणी होने जा रहा है, जिनमें दो-दो एम्स है। मुख्यमंत्री ने इशारों में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि देश में 70 सालो में जितना काम हुआ उतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 वर्षो में हमारी सरकार ने किया है। 2017 से जब डबल इंजन की सरकार आई तो उस समय स्वास्थ्य एक चुनौती थी। प्रदेश में तरह तरह की बीमारियां देखी जाती थी। मेडिकल के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाए बहुत खराब थी। रविवार को एम्स के वर्चुअल लोकार्पण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रायबरेली पहुंचे। प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से रायबरेली एम्स का लोकार्पण किया गया। इसमें कई केंद्रीय मंत्री और राज्य मंत्री भी मौजूद रहे। इसी में मुख्यमंत्री की जनसभा का भी कार्यक्रम किया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने के लिए 65 वर्षीय रामकुमारी एम्स आई। बताया कि एम्स के मेन गेट से पंडाल की दूरी लगभग तीन किलोमीटर की थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और एक डंडे के सहारे वो जनसभा में पहुंचकर मुख्यमंत्री को सुना।

### 1947 से 2017 तक प्रदेश में थे 12 मेडिकल कालेज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर सधी जुबान से प्रहार करते हुए कहा कि यूपी के 75 जनपदों में केवल 12 सरकारी मेडिकल कालेज बने थे। आज प्रदेश में 45 जनपदों में पहले से ही मेडिकल कालेज है। शासन और निजी क्षेत्र में दोनों को मिलाकर 65 मेडिकल संचालित है। 14 मेडिकल कालेज निर्माणधीन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और प्रदेश की सरकार लगातार स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काम कर रही है। जिस तेजी से प्रदेश में मेडिकल कालेज बनाने का काम हो रहा है, उससे वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कालेज का सपना भी साकार हो सकता है।

# मेडिकल की जमीन पर बनवाया गेस्ट हाउस : स्मृति ईरानी

**रायबरेली, अमृत विचार :** केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने एम्स उद्घाटन पर गांधी परिवार को आड़े हाथों लेते हुए कई प्रहार किए। उन्होंने कहा कि कामगारों के कारण एम्स रायबरेली में है। नामदार और कामगार में फर्क क्या होता है। यह एम्स रायबरेली उत्तम उदाहरण है। गांधी परिवार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मैं उस क्षेत्र से हूं, जहां पर पहले कभी नामदार हुआ करते थे। 30 साल पहले अमेठी में नामदारों ने मेडिकल कालेज बनाने की बात कहकर जमीन ली। उस जमीन पर अपने लिए गेस्ट हाउस बना लिया, मेडिकल कालेज नहीं बना। जो 30 साल में नहीं हो सका मेरे कार्यकाल में तीन माह में यह बन गया।

## सुडोकू-71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–फाल्गुन, पक्ष–कृष्ण पक्ष,तिथि–द्वितीया 23 .15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल– पूर्व। ऋतु–वसंत। चन्द्रबल–मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन। ताराबल–भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र–उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04 .31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** – आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष** – आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क** – आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा–कसी बनी रहेगी।

**सिंह** – आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या** – आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला** – आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु** – आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर** – आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ** – आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन** – आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- पृथ्वी – सुबह : 11 .49
- चाल बाज – शाम : 06 .11

**Utsav Gold**
- कोई आप सा – सुबह : 09 .45
- धूम 3 – शाम : 04 .00

**Sony Max**
- तारा वर्सेस बिलाल – सुबह : 09 .00
- लगे रहो मुन्ना भाई – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- मेरा धर्म – सुबह : 10 .30
- लूटेरे – रात : 07 .00

**Colors Cineplex**
- ओके जानु – सुबह : 10 .01
- तनु वेड्स मनु – शाम : 06 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम–06 .58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू– भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू– हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू– जाएगा?
चिंटू–जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा –
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा –
बर्तन धोने के बाद ।





## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## एक नजर

### जनवरी में 18 माह के उच्च स्तर पर रहा इस्पात निर्यात

**नई दिल्ली।** देश का मासिक इस्पात निर्यात जनवरी, 2024 में 11 लाख टन के 18 माह के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। 'स्टीलमिंट' ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यूरोपीय संघ की मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर अनुकूल कीमतों की वजह से इस्पात निर्यात का आंकड़ा अच्छा रहा है। शोध कंपनी स्टीलमिंट की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धी कीमतों ने निर्यात वृद्धि में योगदान दिया है। जनवरी, 2023 में इस्पात का निर्यात 6.7 लाख टन रहा था।

### कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.7 लाख टन हो गया है। उद्योग निकाय इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कागज मिलें प्रभावित हुई हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे भारत टेक्स का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को यहां देश के अब तक के सबसे बड़े वैश्विक कपड़ा कार्यक्रमों में से एक 'भारत टेक्स 2024' का उद्घाटन करेंगे। भारत टेक्स 2024 का आयोजन 26 से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के '5 एफ विजन' से प्रेरणा लेते हुए इस कार्यक्रम में फाइबर, फैब्रिक और फैशन फोकस के माध्यम से विदेशों में एक एकीकृत फार्म है, जो संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला को कवर करता है।

# अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

## उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर लिया जाएगा सिर्फ कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी



**अमृत विचार :** प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

### किसानों की नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

### मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

> पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।
>
> -बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

## दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

**नई दिल्ली।** मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

# एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था।फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या



भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

## आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा



देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।



# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रही नई ऊंचाइयां

## रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

### 'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

**सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

# संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप



'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह (तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

## एक नजर

### संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

**भिंड।** शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

### कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

## बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

## अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

## कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

**पटना।** बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

# इनेलो के वरिष्ठ नेता समेत दो की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

- हमले में इनेलो उपाध्यक्ष के तीन निजी गनर भी घायल



इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी और पार्टी के एक कार्यकर्ता की रविवार को दिल्ली के पास बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों द्वारा उनकी एसयूवी पर अंधाधुंध गोलीबारी करके हत्या कर दी गई। इस हमले में राठी द्वारा सुरक्षा के लिए रखे गए तीन निजी बंदूकधारी भी घायल हो गए।

लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले हुए इस हमले पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया जताई और भाजपा शासित राज्य में कानून-व्यवस्था खराब होने का आरोप लगाया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने बताया कि राठी द्वारा सुरक्षा के लिए रखे गए तीन निजी बंदूकधारी भी इस हमले में घायल हो गए। चौटाला ने कहा, "राठी को पुलिस की कोई सुरक्षा नहीं दी गई थी।" पुलिस ने राठी पर हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले में आगे की जांच की जा रही है। चौटाला ने सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री खट्टर और गृह मंत्री विज के इस्तीफे की मांग की।

## दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश



**यह लोग होते हैं अपराधी:** एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंतत: 10.4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट से पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय चोट लग गई थी और वह बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42.195 किमी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दूसरे स्थान पर जबकि अक्षय सैनी ने तीसरा स्थान हासिल किया।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**

रांची, एजेंसी

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।





### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास

**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।



**भारत में विकेट 354**

**अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे**

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी 145/10 (53.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 00, **विकेट पतन:** 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145,10-145, **गेंदबाजी:** अश्विन 15.5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

**भारत (पहली पारी) 307/10 (103.2 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 23, **विकेट पतन:** 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293,10-307, **गेंदबाजी:** एंडरसन 18-4-48-2,रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27.2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

**भारत (दूसरी पारी) 40/0 (8 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

**अतिरिक्त:** 0, **विकेट पतन:** 00, **गेंदबाजी:** बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

## रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन बनाए। आगरा के जुरेल ने 18 महीने मेहनत कर खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं। मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बताया, जुरेल ने टेस्ट की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में कड़ी ट्रेनिंग की है।

## प्रदेश के दिव्यम और अर्श भारतीय टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के समन्वय से बैडमिंटन अकादमी में शनिवार को भारतीय बैडमिंटन टीम का कैंप संपन्न हुआ।

रविवार को जूनियर टीम डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन ओपन के लिए रवाना होगी। डच ओपन हार्निल (नीदरलैंड) में 28 फरवरी से 3 मार्च तक होगा। जर्मन ओपन 6 से 10 मार्च तक बर्लिन (जर्मनी) में होगा। चयनित जूनियर भारतीय टीम में यूपी के दिव्यम अरोड़ा और अर्श मोहम्मद बतौर युगल जोड़ी चयनित किए गए हैं। ये दोनों अंडर-19 टीम से डच और जर्मन ओपन में अपनी चुनौती पेश करेंगे।



घोषित की गई भारतीय बैडमिंटन टीम।

**बालक अंडर-19 टीम:** ध्रुव नेगी (उत्तराखंड), गगन (हरियाणा), रौनक चौहान (छत्तीसगढ़), गिनीपॉल एस (दिल्ली)। **बालिका अंडर-19 टीम:** सूर्या तामिरी, नव्या (आन्ध्र प्रदेश), तन्वी रेड्डी (तेलंगाना), तन्वी पात्री (ओडिसा)। **बालक अंडर-19 युगल टीम:** भार्गव राम, विश्वतेज (आन्ध्र प्रदेश), दिव्यम अरोड़ा, अर्श मोहम्मद (यूपी)। **बालिका अंडर-19 युगल टीम:** श्रीनिधि एन (तमिलनाडु), मान्या (पंजाब), प्रगति, वंशिका टोप्पो (ओडिसा)। **मिश्रित युगल टीम:** दिव्यम अरोड़ा, वेन्नाला एके (तेलंगाना), भव्या छाबड़ा (दिल्ली), मान्या (पंजाब)।

## अमेलिया के प्रदर्शन से मुंबई ने गुजरात को हराया

### मुंबई ने पांच विकेट से मैच जीतकर लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की

बेंगलुरु, एजेंसी





अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार बल्लेबाजी की मदद से मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस ने रविवार को गुजरात जायंट्स को 5 विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 9 विकेट पर 126 रन बनाए। अपने पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हराने वाली मुंबई ने 18.1 ओवर में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर अपना विजय अभियान जारी रखा। मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही। एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 49 रन था। हरमनप्रीत (41 गेंद पर नाबाद 46) और केर (25 गेंद पर 31 रन) ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। इन दोनों के अलावा नेट साइवर ब्रंट ने 22 रन का योगदान दिया। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में 5 चौकों के अलावा विजयी छक्का भी लगाया। इससे पहले अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल ने गुजरात के शीर्ष क्रम को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने 18 रन देकर 3 विकेट लिए। लेग स्पिनर केर ने मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया तथा अपने कोटे के 4 ओवर में 17 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें नौवें नंबर की बल्लेबाज तनुजा कंवर ने सर्वाधिक 28 रन का योगदान दिया। उन्होंने कैथरीन ब्राइस (नाबाद 25) के साथ आठवें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। इन दोनों के अलावा कप्तान बेथ मूनी ने 24 और एश्ले गार्डनर ने 15 रन का योगदान दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद गुजरात का स्कोर 11 ओवर के बाद 5 विकेट पर 58 रन था।



## बॉलीवुड हलचल




### 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है। मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

### सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा। राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

### करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं। फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

मुंबई। गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता, डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।



### विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

### सेना में काम करना चाहते थे डैनी



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया। अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे। इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

